प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक    केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



आरएसएस की शाखाओं का बढ़ता दायरा पेज- 2

पेज-6 ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत, दूसरा घायल

वर्ष : 15 अंक : 86 | मंगलवार 17 मार्च, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ीं

### -हाथरस मामले में अब 13 अप्रैल को होगी सुनवाई

(एजेंसी) हाथरस। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गांधी के खिलाफ हाथरस में दर्ज



मानहानि मामले में अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी। हाथरस के बूलगढ़ी प्रकरण में दोषमुक्त हो चुके युवकों को आरोपी बताने के मामले में न्यायाधीश दीपकनाथ सरस्वती की एमपी, एमएलए अदालत में यह वाद दायर किया गया है। इस मामले में सोमवार को सुनवाई होनी थी लेकिन अदालत के आज छुट्टी पर होने की वजह से सुनवाई नहीं हो सकी। उधर राहुल गांधी के वकीलों ने इस मामले में आपत्ति पत्र दाखिल किया है। राहुल गांधी की ओर से पैरवी करने आए अधिवक्ता आलोक चंद्रा ने बताया है कि सोमवार को उन्होंने आपत्ति दाखिल की है, जिसकी प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता को भी दी गई है। उन्होंने कहा कि मामले में 13 अप्रैल को अगली सुनवाई होगी। सांसद–विधायक अदालत में दाखिल शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाथरस सामूहिक बलात्कार मामले में आरोपियों के रूप में तीन युवकों का जिक्र करके मानहानिकारक टिप्पणी की, जबकि उन्हें बलात्कार के आरोपों से बरी कर दिया गया था। वर्ष 2020 के हाथरस सामूहिक बलात्कार मामले में बरी किए गए रवि, राम कुमार उर्फ रामू और लवकुश ने गांधी के खिलाफ तीन अलग–अलग मामले दर्ज कराए थे। गांधी ने 12 दिसंबर, 2024 को बुलगढ़ी गांव में कथित तौर पर कहा था, आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जबकि पीड़िता का परिवार घर के अंदर बंद है। प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंढीर ने बताया था कि यह टिप्पणी उन युवकों के लिए मानहानिकारक और अपमानजनक थीं, जिन्हें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अदालत ने ढाई साल जेल में बिताने के बाद बरी कर दिया था। पुंढीर ने कहा, राहुल गांधी को डेढ़ करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति का कानूनी नोटिस भेजा गया था। तीनों बरी किए गए लोगों के लिए 50–50 लाख रुपये की मांग की गई थी। सितंबर 2020 में हाथरस की एक दलित लड़की से कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया था। बाद में दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

## राज्यसभा में उठा इच्छा मृत्यु का मुद्दा

### आईयूएमएल सांसद ने की कानून बनाने की मांग

(एजेंसी) नई दिल्ली। राज्यसभा में सोमवार को आईयूएमएल के एक सदस्य ने सरकार से गंभीर रूप से बीमार एवं लाइलाज मरीजों की देखभाल एवं उनके जीवन के सम्मानपूर्वक अंत के लिए कानून बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में विधि आयोग की कई रिपोर्ट और उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के बावजूद संसद ने इस मुद्दे पर अब तक कोई कानून नहीं बनाया है। शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) सांसद हारिस बीरन ने सरकार से श्मेडिकल ट्रीटमेंट ऑफ टर्मिनली इल पेशेंट्स (एंड ऑफ लाइफ केयर) अधिनियम लाने का आग्रह किया। उच्च सदन में केरल का प्रतिनिधित्व कर रहे बीरन ने यह भी मांग की कि देश के हर जिला अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ऐसे लाइलाज मरीजों के लिए अनिवार्य व्यवस्था की जाए, ताकि उनकी सम्मानजनक और मानवीय देखभाल हो सके। उनकी यह टिप्पणी पिछले सप्ताह आए उच्चतम न्यायालय के उस आदेश के संदर्भ में थी, जिसमें अदालत ने हरीश राणा नामक व्यक्ति के जीवनरक्षक उपकरण हटाने की अनुमति दी थी। राणा 2013 में ऊंचाई से दुर्घटनावश गिरने के बाद पिछले 13 वर्षों से स्थायी







रूप से निष्क्रिय अवस्था (परमानेंट वेजिटेटिव स्टेट) में हैं। बीरन के अनुसार, बताया जाता है कि न्यायमूर्ति जमशेद पारदीवाला और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने फैसला सुनाते समय मरीज के माता–पिता से कहा था कि वे अपने बेटे को छोड़ नहीं रहे हैं, बल्कि उसे सम्मान के साथ जीने का अवसर दे रहे हैं। सांसद ने कहा कि इस मुद्दे पर लंबे समय से विधायी कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि विधि आयोग की 196वीं रिपोर्ट 2006 में आई जिसमें इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) के विषय की विस्तार से समीक्षा की गई थी और एक मसौदा कानून भी प्रस्तावित किया गया था, लेकिन संसद ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि बाद में 2011 में श्अरुणा शानबागश मामले में दिशानिर्देश बनाने के लिए उच्चतम न्यायालय ने हस्तक्षेप किया। इसके बाद 2012 में विधि आयोग की 241वीं रिपोर्ट में फिर से एक विधेयक का मसौदा सुझाया गया। बीरन ने कहा कि 2018 में कॉमन कॉज के मामले में एक संविधान पीठ ने जीवन की गरिमा के अधिकार को मान्यता देते हुए दिशानिर्देश जारी किए थे और स्पष्ट कहा था कि ये केवल तब तक लागू रहेंगे जब तक संसद इस विषय पर कानून नहीं बना देती। 2023 में इन दिशानिर्देशों में संशोधन किया गया। उन्होंने कहा कि हालिया फैसले में भी उच्चतम न्यायालय ने उम्मीद जताई है कि संसद इस विषय पर कानून बनाएगी। बीरन ने सवाल उठाया कि उच्चतम न्यायालय संविधान के अनुच्छेद 21 के आधार पर और कब तक व्यवस्था दे सकता है? उन्होंने कहा कि संविधान के तहत जीवन के अधिकार की व्याख्या अदालतों ने गरिमा के साथ मौत के अधिकार तक भी विस्तृत की है। आईयूएमएल सदस्य ने गंभीर रूप से बीमार मरीजों के इलाज से जुड़ी आर्थिक चुनौतियों की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं पर होने वाले कुल खर्च का 65 प्रतिशत से अधिक हिस्सा लोगों को खुद वहन करना पड़ता है, जिससे परिवारों पर भारी वित्तीय बोझ पड़ता है। उन्होंने केरल में 2008 से चल रहे समुदाय आधारित उपशामक देखभाल कार्यक्रम (पैलियेटिव केयर प्रोग्राम) का उदाहरण देते हुए कहा कि यह पूरे देश के लिए एक मॉडल बन सकता है। उनके अनुसार, राज्य की हर ग्राम पंचायत को इस कार्यक्रम के दायरे में लिया गया है और इसमें 500 से अधिक गैर–सरकारी संगठनों को भी जोड़ा गया है।

### केरल विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने जारी की 47 उम्मीदवारों की पहली सूची

(एजेंसी) नई दिल्ली। आगामी केरल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने अपनी पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में राज्य की 140 विधानसभा सीटों में से 47 सीटों पर पार्टी के उम्मीदवारों के नाम शामिल किए गए हैं। यह कदम भाजपा की चुनावी तैयारी की शुरुआत को दर्शाता है। राज्य अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को नेमोम विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है, जो दक्षिणी राज्य में पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण सीट मानी जाती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन भी इस सूची में शामिल हैं। इसके अलावा नव्या हरिदास को भी टिकट दिया गया है, जिन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ चुनाव लड़ा था, लेकिन जीत हासिल नहीं कर पाई थीं। अब उन्हें विधानसभा चुनाव में मौका दिया गया है। भाजपा की घोषणा के एक दिन बाद, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ने भी अपनी उम्मीदवार सूची जारी की। पार्टी ने कुल 86 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया और इसमें 56 मौजूदा विधायक को फिर से मौका दिया गया। मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन फिर से धर्मादोम विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के. के. शैलजा को पेरावूर विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है, जो उनके पिछले चुनाव में जीत हासिल किए मैट्टन्नूर विधानसभा क्षेत्र से अलग है। चुनाव आयोग ऑफ इंडिया ने रविवार को विधानसभा चुनाव का शेड्यूल घोषित किया। केरल, जिसे हाल ही में केरलम नाम दिया गया है, में सभी 140 विधानसभा सीटों के लिए एक ही चरण में 9 अप्रैल 2026 को मतदान होगा। मतों की गिनती 4 मई 2026 को की जाएगी।

### बंगाल में ईडी की बड़ी कार्रवाई, अवैध कॉल सेंटर मामले में सिलीगुड़ी-हावड़ा समेत 10 ठिकानों पर छापेमारी

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। जांच एजेंसी की टीमों ने राज्य के अलग–अलग कई इलाकों में छापेमारी की। यह पूरी कार्रवाई एक अवैध कॉल सेंटर चलाने और लोगों से धोखाधड़ी करने के मामले से जुड़ी है। अधिकारियों ने बताया कि सिलीगुड़ी, हावड़ा, बिधाननगर और दुर्गापुर जैसे इलाकों में करीब 10 जगहों पर तलाशी ली गई। इस मामले में सुरश्री कर, सम्राट घोष और सुभजीत चक्रवर्ती के नाम मुख्य रूप से सामने आए हैं। एजेंसी इन लोगों और इनके साथियों के ठिकानों पर जरूरी सबूत तलाश रही है। इन लोगों पर आरोप है कि इन्होंने कॉल सेंटर के जरिए बहुत से मासूम लोगों को अपना शिकार बनाया और उनसे बड़ी रकम ठगी है। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि इस मामले का कोई संबंध चुनावी फंडिंग या राजनीति से है या नहीं। जांच एजेंसी हर पहलू से मामले की पड़ताल कर रही है। ईडी के अधिकारी जब्त किए गए दस्तावेजों और सामानों की जांच कर रहे हैं ताकि इस गिरोह की पूरी सच्चाई सामने आ सके। यह छापेमारी एसे समय में हुई है जब बंगाल में चुनावी माहौल पूरी तरह गरमाया हुआ है। चुनाव आयोग ने हाल ही में राज्य में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की है। बंगाल में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान होना है। चुनाव के नतीजों का एलान 4 मई को असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी के साथ होगा।

## जालोर में बोले मुख्यमंत्री योगी- स्मार्टफोन बच्चों के लिए खतरनाक, मातृशक्ति रहे सावधान

(एजेंसी) जालोर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छोटी उम्र के बच्चों को रोने या नाराज होने देना बेहतर है, लेकिन उन्हें स्मार्टफोन देना उचित नहीं है। स्मार्टफोन का अत्यधिक प्रयोग समय की बर्बादी के साथ–साथ आंखों को नुकसान पहुंचाने के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर डालता है और यह डिप्रेशन जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है। मुख्यमंत्री सोमवार को जालोर में स्थित श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर (सिरे मंदिर) के 375 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय महायज्ञ एवं विशाल धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन के कई गेम बच्चों और युवाओं को नकारात्मक दिशा की ओर ले जा रहे हैं। यदि बच्चे इसी समय को अच्छी पुस्तकों के अध्ययन, योग और व्यायाम में लगाएं तो उनका जीवन अधिक व्यवस्थित और सकारात्मक बन सकता है। योगी ने युवा पीढ़ी को सलाह दी कि स्मार्टफोन का उपयोग जरूरत के अनुसार ही करें और परिवार के लिए





समय अवश्य निकालें। उन्होंने कहा कि भोजन या पूजा के समय फोन से दूरी रखनी चाहिए और बाद में कॉल बैक करना बेहतर है। उन्होंने कहा कि छोटी–छोटी बातों पर बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति भी चिंता का विषय है। जीवन में विफलता मिलने पर उससे घबराने की बजाय उसके कारणों को समझकर उसे सफलता में बदलने का प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के दुश्मन और नशे के सौदागर युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त में धकेलने की कोशिश कर रहे हैं। समाज को सजग रहकर ऐसे तत्वों को परिवार, गांव, कस्बे और शहर में प्रवेश नहीं करने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी से तय होता है और यदि युवा सही दिशा में आगे बढ़े तो देश नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता है। योगी ने कहा कि मनुष्य को संचय और हड़पने की प्रवृत्ति से ऊपर उठकर जरूरतमंदों की सहायता करने की भावना विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोभ पर नियंत्रण ही सच्ची साधना है और इसे जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की पहचान उसकी आध्यात्मिक परंपरा, ऋषि–मुनियों की साधना, वीर–वीरांगनाओं के बलिदान, किसानों के परिश्रम और श्रमिकों के पसीने से बनी है। उन्होंने कहा कि धर्म समाज को जोड़ता है, जबकि जातिवाद व्यवस्था को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि भारत में विरोधा को भी साथ लेकर चलने की क्षमता है और यही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। देश की इसी एकता और जनशक्ति के कारण आज कई ऐतिहासिक समस्याओं का समाधान संभव हुआ है।

## बीजेपी की सहूलियत के हिसाब से तय होती हैं चुनाव की तारीखें : प्रियंका गांधी

(एजेंसी)

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा के बाद सोमवार को दावा किया कि भाजपा की सहूलियत के हिसाब से चुनाव की तारीखें और चरण तय किए जाते हैं। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, जिस तरह से चुनावों की तारीखों की घोषणा होती है और चरणों को निर्धारित किया जाता है, उससे मुझे लगता है कि ये सब भाजपा की सुविधानुसार तय होता है। निर्वाचन आयोग ने रविवार को पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। सभी राज्यों में मतगणना चार मई को होगी। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए दो चरण में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को मतदान होगा। केरल, असम और पुडुचेरी के लिए नौ अप्रैल को एक चरण में मतदान होगा।



## टेस्ट खेलना चाहूंगा लेकिन टी20 में हाथ सेट है : सूर्यकुमार

(एजेंसी) नई दिल्ली। भारत के विश्व कप विजेता कप्तान सूर्यकुमार यादव का कहना है कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं , वनडे क्रिकेट उन्हें रास नहीं आता, लेकिन टी20 उनकी ताकत है क्योंकि उसमें उनका हाथ सेट हो गया है। सूर्यकुमार पीटीआई के साथ एक विशेष पॉडकास्ट साक्षात्कार में कभी–कभी मुंबई की आकर्षक हिंदी का उपयोग करते हुए नजर आए जैसे कि हाथ सेट हो गया है जिसका अंग्रेजी में कोई सटीक अनुवाद नहीं है। सरल शब्दों में कहें तो उनका मतलब था कि वह अब क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप के उस्ताद बन चुके हैं और इसे खेलने में सहज महसूस करते हैं। एक घंटे की बातचीत के दौरान सूर्यकुमार काफी सहज नजर आए और वह भारत को विश्व कप में शानदार सफलता दिलाने के बाद स्पष्ट रूप से बेहद खुश थे। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट न खेलने की अपनी निराशा के बारे में खुलकर बात की। सूर्यकुमार ने इस साक्षात्कार के दौरान अपनी चिर परिचित मुस्कान के साथ याद दिलाया कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेला था जिसमें वह केवल एक पारी खेल पाए थे। सूर्यकुमार ने कहा, आपकी किस्मत में जो लिखा होता है, आपको वही मिलता है। मैंने भी लाल गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू किया था और 10–12 साल तक रणजी ट्राफी खेली। मैंने मुंबई में लाल गेंद से बहुत क्रिकेट खेली है क्योंकि अगर आप मुंबई में पले बढ़े होते हैं तो आप लाल गेंद से ही शुरुआत करते हैं, इसलिए सब कुछ लाल गेंद के इर्द–गिर्द ही घूमता है। उन्होंने कहा, लेकिन धीरे–धीरे जब हमने सफेद गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू की तो मेरा झुकाव थोड़ा उसकी तरफ हो गया। इसके बाद मैं इस प्रारूप (टी20) में दिलचस्पी लेने लगा। मैंने वनडे (50 ओवर की क्रिकेट) में भी अच्छा खेलने की बहुत कोशिश की लेकिन कुछ खास नहीं कर पाया। भारतीय कप्तान ने कहा, टी20 क्रिकेट में जैसा चल रहा था, उसमें अपना हाथ सेट हो गया है, ऐसा बोल सकते हैं। सूर्यकुमार से जब पूछा गया कि अगर उन्हें मौका मिले तो क्या वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहेंगे? उन्होंने बिना किसी लाग लपेट के जवाब दिया, मुझे बहुत खुशी होगी, क्योंकि जैसा कि मैंने बताया कि मैंने 2010–11 से 2020 तक लाल गेंद से काफी क्रिकेट खेली है। दस साल तक लाल गेंद से खेलना बहुत लंबा समय होता है। मुझे इस प्रारूप से बेहद लगाव था। स्वाभाविक है कि अगर मौका मिले तो फिर कौन टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलना चाहेगा। फिर भी 35 साल की उम्र में सूर्यकुमार के लिए टेस्ट टीम में जगह बनाना लगभग असंभव है। टेस्ट में उनका एकमात्र अनुभव 2023 में नागपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला गया मैच था, जब उन्होंने एक पारी में आठ रन बनाए थे। उसी साल उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप के फाइनल में हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने 28 गेंदों में



18 रन बनाए। भारत फाइनल हार गया और सूर्यकुमार उसके बाद इस प्रारूप में कभी नहीं खेल पाए। सूर्यकुमार से जब पूछा गया कि ऐसे ही समय में जब टी20 कम समय में प्रशंसकों को अधिक रोमांचित करता है और टेस्ट क्रिकेट उन्हें पारंपरिक संतुष्टि देता है तो क्या वनडे का कोई भविष्य है, उन्होंने कूटनीतिक रुख अपनाते हुए इस प्रारूप को बहुत अधिक खारिज किए बिना उसको उचित सम्मान दिया। वनडे में द्विपक्षीय श्रृंखलाओं की संख्या लगातार घट रही है जो इस प्रारूप के पतन का संकेत दे रही है और यही आलम रहा तो वनडे क्रिकेट का अंत हो सकता है। सूर्यकुमार ने कहा, मुझे लगता है कि मैंने वनडे क्रिकेट को जितना करीब से अनुभव किया है और देखा है, यह एक ऐसा प्रारूप है जहां आपको तीन अलग–अलग तरीकों से बल्लेबाजी करनी पड़ती है। कभी–कभी अगर आप जल्दी बल्लेबाजी करने जाते हैं, अगर विकेट जल्दी गिरते हैं तो आपको टेस्ट क्रिकेट की तरह बल्लेबाजी करनी पड़ती है। उन्होंने कहा, फिर आपको वनडे की तरह अच्छे स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करनी होती है और पारी के आखिरी ओवरों में टी20 प्रारूप की तरह बल्लेबाजी करनी होती है। इसलिए यह एक ऐसा प्रारूप है जिसे मैं कभी समझ नहीं पाया। मैंने इसे खेलने की पूरी कोशिश की लेकिन यह चुनौती पूर्ण प्रारूप है। भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि वनडे क्रिकेट धीरे–धीरे खत्म हो रहा है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने एक बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को इसे पूरी तरह से समाप्त करने की सलाह दी थी। इंग्लैंड के केविन पीटरसन का मानना है कि टी20 क्रिकेट के लगातार विस्तार के कारण 50 ओवर का क्रिकेट सबसे अधिक खतरे में है। सूर्यकुमार ने वनडे विश्व कप 2023 के दौरान की गई तैयारी और माहौल को भी याद किया। उन्होंने कहा, जब मैं 2023 वनडे विश्व कप के लिए टीम के साथ था और मैं उसमें खेला था तब उस प्रारूप का माहौल, फाइनल से पहले की तैयारियां, वह सब 2026 और 2024 के टी20 विश्व कप में खेले गए मैचों से बिलकुल अलग था। उन्होंने कहा, इसलिए, इसका आकर्षण अलग है। वनडे क्रिकेट का भी अपना अलग आकर्षण है, टी20 का तो और भी अलग।

# सम्पादकीय

## गठबंधन को लेकर बातचीत जारी

ऐसी संभावना है कि जब आप यह पंक्तियां पढ़ रहे होंगे तो देश के पांच राज्यों पश्चिम बंगाल,केरल,तमिलनाडु, असम और केन्द्र शासित राज्य पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों का या तो ऐलान हो चुका हो गया, या फिर होने जा रहा होगा। बहरहाल, मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि भाजपा शासित राज्य असम में पश्चिम बंगाल,केरल,तमिलनाडु,पुडुचेरी के साथ ही विधानसभा के चुनाव होने हैं। पश्चिम बंगाल में जहां कांग्रेस अकेले लड़ रही है वहीं बाकी जगह वह गठबंधन का हिस्सा है। तमिलनाडु और



नफीस जाफरी

पुडुचेरी में कांग्रेस डीएमके के साथ गठबंधन में जूनियर पार्टनर है जबकि केरल और असम में वह बड़ी दल की भूमिका में है। असम में सीपीएम,असम जातीय परिषद और ऑल पार्टी हिल लीडर्स कान्फ्रेंस से गठबंधन तय कर लिया है मगर अभी भी रायजोर दल और अन्य वामदलों के साथ गठबंधन होना बाकी है। रायजोर दल के मुखिया अखिल गोगोई हैं। पिछली बार अखिल गोगोई अकेले लड़े थे और दो सीटें जीतीं थी। इस बार रायजोर दल ने पहले 27 सीटों की मांग की फिर 20 और फिर 15 सीटों तक आए, मगर कांग्रेस रायजोर दल को सिर्फ 4 सीट सीधी लड़ाई वाली, 4 सीटें दोस्ताना लड़ाई वाली और 7 वैसी सीटें जो रायजोर दल ने मांगी ही नहीं थी मगर कांग्रेस उन्हें दे रही है। इस सबके बदले रायजोर दल भाजपा से सीधी लड़ाई वाली 5 सीट चाहती है और इसमें एक सीट धिंग विधानसभा का है जिसको लेकर कांग्रेस से उनकी बातचीत टूट गई। मीडिया से बातचीत में असम कांग्रेस के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने कहा कि बातचीत टूटी नहीं है बल्कि बातचीत रूक गई है, हम बातचीत दोबारा करेंगे। पिछली बार कांग्रेस गठबंधन का हिस्सा बदरूद्दीन अजमल की एआईयूडीएफ भी थी मगर मीडिया से बातचीत ने गौरव गोगोई ने बदरूद्दीन अजमल के साथ किसी भी तरह का गठबंधन करने से इंकार कर दिया और कहा कि एआईयूडीएफ किसी भी हालत में इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं बनेगी। पिछली बार असम में कांग्रेस के साथ एआईयूडीएफ, बोडो पीपुल्स फ्रंट, सीपीआई, माले, एजीएम और आरजेडी थी। इस बार कांग्रेस गठबंधन क्या शक्ल लेगी इसके लिए कुछ दिनों का और इंतजार करना पड़ेगा। दूसरी ओर भाजपा भी गठबंधन को लेकर आम सहमति बनाने में लगी है। पिछली बार भाजपा,असम गण परिषद ,यूनाईटेड पीपुल्स पार्टी लिबरेशन साथ मिलकर लड़ी थी मगर अभी तक इनमें सीटों के बंटवारे पर बात नहीं बन पाई है। यूनाईटेड पीपुल्स पार्टी लिबरेशन ने 21 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दिया है। भाजपा इस बार बीपीएफ यानि बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट को भी एनडीए में शामिल करना चाहती है पिछली बार बीपीएफ कांग्रेस गठबंधन का हिस्सा थी। कांग्रेस असम की 126 सीटों में से 42 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर चुकी है जिसमें गौरव गोगोई को जोरहाट विधानसभा से चुनाव लड़ा रही है। जबकि असम के दो अन्य कांग्रेस सांसदों के बेटे को भी टिकट दिया गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का भी पहली सूची में नाम है। जबकि भाजपा आजकल में असम की अपनी पहली सूची लाने वाली है।

## भारतीय रोक रहे हैं विदेश में पढ़ाई की योजनाएं

प्राची वर्मा

कंसल्टैंट्स का कहना है कि अमरीका में सख्त वीजा नीतियां, खासकर डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में और ब्रिटेन, कनाडा तथा ऑस्ट्रेलिया में इमिग्रेशन के कड़े नियम और पढ़ाई के बाद काम करने के कम होते मौकों के साथ–साथ पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष, कई भारतीय छात्रों को अपनी विदेश में पढ़ाई की योजनाओं को रोकने या उनमें बदलाव करने पर मजबूर कर रहे हैं। हाल के महीनों में, कई छात्रों ने विदेशी यूनिवघ्सटीज में दाखिले के अपने प्लान को अगले सैशन तक के लिए टाल दिया है, जबकि वैश्विक अशांति और अनिश्चितता के बीच कुछ छात्र अपने घर के करीब या ज्यादा स्थिर जगहों पर पढ़ाई के विकल्प तलाश रहे हैं। कॉलेजीफाई के सह–संस्थापक और निदेशक आदर्श खंडेलवाल ने कहा, ''विदेश में पढ़ाई के रुझानों में एक साफ गिरावट देखी जा रही है। सरकारी आंकड़े दिखाते हैं कि विदेश में पढ़ाई के लिए जाने वाले भारतीयों की संख्या 2023 में 9,08,000 से घटकर 2025 में 6,26,000 रह गई है, जो कि एक बहुत बड़ी गिरावट है।'' उन्होंने आगे कहा कि भारत को अब सिर्फ एक 'बैकअप' (दूसरा विकल्प) के तौर पर नहीं देखा जा रहा, बल्कि इसे तेजी से एक गंभीर 'पहली पसंद' वाले माहौल के तौर पर परखा जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, माता–पिता अपने बच्चों को विदेश भेजने से पहले ज्यादा सोच–समझकर फैसले ले रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि छात्रों के बीच सबसे बड़ी चिंता 'नीतियों में अनिश्चितता' है, न कि युद्ध। आई.डी.पी. एजुकेशन के क्षेत्रीय निदेशक (दक्षिण एशिया, कनाडा और लाटाम) पीयूष कुमार ने कहा, ''विदेशों में पढ़ाई के मुख्य ठिकानों से मिले हालिया सरकारी आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल के मुकाबले छात्रों की विदेश यात्रा की रफ्तार धीमी हो गई है।'' उदाहरण के लिए, अमरीकी विदेश विभाग के आंकड़े दिखाते हैं कि जून और जुलाई 2025 के बीच विदेशी छात्रों को जारी किए गए वीजा की संख्या में 62 प्रतिशत की गिरावट आई है। कुमार के अनुसार, ''इस गिरावट के पीछे कई वजहें हैं, जिनमें सख्त वीजा नीतियां, नए ग्रैजुएट्स के लिए मुश्किल जॉब मार्केट और करंसी में उतार–चढ़ाव शामिल हैं।'' पोस्ट ग्रैजुएट (स्नातकोत्तर) स्तर पर इसका असर ज्यादा पड़ा है। कुमार ने आगे कहा, ''कई इच्छुक छात्र ऐसे कामकाजी पेशेवर हैं, जो अपनी पढ़ाई की योजनाओं को 1 या 2 साल के लिए टालना पसंद कर रहे हैं।'' वे मौजूदा उथल–पुथल के शांत होने का इंतजार कर रहे हैं। विकल्पों को फिर से तय करना रू कंसल्टैंट्स के अनुसार, इस क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति के कारण यू.ए.ई. जाने वाले आवेदनों में भी अस्थायी गिरावट आई है। लैवरेज एजुकेशन के संस्थापक और सी.ई.ओ. अक्षय चतुर्वेदी ने कहा, ''बड़े स्तर पर, 2026 में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा की मांग किसी संरचनात्मक गिरावट की बजाय, गंतव्य विकल्पों में फिर से बदलाव और विविधता लाने के दौर को दर्शाती है।'' कॉलेजीफाई के खंडेलवाल ने कहा, ''जब कोई संघर्ष होता है, अस्थिरता को लेकर मीडिया में लगातार खबरें आती हैं, तो इससे घरों का भावनात्मक माहौल बदल जाता है।'' यूनिवर्सिटी लिविंग के संस्थापक और सी.ई.ओ. सौरभ अरोड़ा ने कहा कि कुछ छात्र मजबूत घरेलू संस्थानों या भारत के भीतर ही उपलब्ध अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों को चुन रहे हैं, जबकि अन्य अभी भी विदेश में पूरी डिग्री हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। अरोड़ा ने कहा, ''जमीनी स्तर पर हम जो देख रहे हैं, वह यह नहीं है कि छात्र अपनी योजनाओं से पीछे हट रहे हैं, बल्कि वे अपने फैसले को अंतिम रूप देने में थोड़ा ज्यादा समय ले रहे हैं।'' विशेषज्ञों ने कहा कि छात्र और अभिभावक गंतव्यों, खर्चों और करियर के नतीजों का मूल्यांकन करने में ज्यादा समय लगा रहे हैं। वीजा नियमों में बदलाव, शिक्षा की बढ़ती लागत और पढ़ाई के बाद काम के बदलते अवसरों ने पिछले एक–दो सालों में परिवारों को पहले से ही ज्यादा सतर्क बना दिया है।

## आरएसएस की शाखाओं का बढ़ता दायरा



गुलफिशा खान

उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मेरठ में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संघ से जुड़े रहने और अन्य लोगों को जोड़ने के लिए पांच मंत्र दिए। संघ प्रमुख ने कहा कि आप कोई ना कोई अच्छा काम करें, प्रमाणिकता के साथ करें, निस्वार्थ करें। उन्होंने कहा कि उसमें टिकट मांगना नहीं, ना कोई सीट मांगना। नेकी करो कुएं में डालो। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से आप काम करते हुए देश के लिए उत्.ष्ट करो, एक्सीलेंस करो। यह जो आप कर रहे हो, आपको संघ का नाम भी नहीं पता तब भी हम आपको संघ का सदस्य बनाएंगे। इससे पहले लखनऊ में आरएसएस प्रमुख ने सामाजिक समरसता, जाति उन्मूलन और सांस्कृतिक एकता को राष्ट्र निर्माण का मूल आधार बताते हुए कहा था कि हम सब भारत माता के पुत्र हैं, सहोदर हैं, और हम हिंदू हैं। यही भाव अस्पृश्यता और जातीय विभाजन को समाप्त करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया था कि आधुनिकता का विरोध नहीं बल्कि अंधानुकरण का विरोध है। समाज यदि जागृत और समरस रहेगा तो राजनीतिक वि.तियां स्वतः समाप्त होंगी। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि जाति कोई शाश्वत व्यवस्था नहीं बल्कि वर्तमान समय में अव्यवस्था का रूप ले चुकी है। पहले यह कार्य आधारित थी, अब हर व्यक्ति हर कार्य कर सकता है। जाति की दीवारें मिट रही हैं, तरुण वर्ग का व्यवहार बदल रहा है। हमें समाज को समरस बनाए रखने की बड़ी लकीर खींचनी है– हम सब हिंदू हैं। यूजीसी रेगुलेशन को लेकर लखनऊ में उन्होंने कहा था कि मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए पूर्वानुमान आधारित प्रतिक्रिया उचित नहीं। समाज



में विभाजन न हो, यह ध्यान रखना आवश्यक है। भागवत ने कहा कि आधुनिकीकरण एक सतत प्रक्रिया है, उसका विरोध नहीं किया जाना चाहिए, परंतु पश्चिमीकरण के अंधानुकरण से बचना जरूरी है। जो नया है, उसे परख कर स्वीकार करें. शाश्वत मूल्यों के अनुरूप परिवर्तन ही उचित है। अब बात आरएसएस यानी संघ के बढ़ते हुए दायरे की तो मालूम हो कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में संगठन के विस्तार में बड़ी छलांग लगाई है। हरियाणा के समालखा में संघ की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च इकाई अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक के दौरान जारी आंकड़ों से साफ है कि पिछले एक साल में संघ की शाखाओं में करीब 6 हजार का इजाफा हुआ है और संघ की पहुंच लगभग 4 हजार नए स्थानों तक हुई है। वार्षिक प्रतिवेदन 2025–26 में 12 मार्च 2026 तक के आंकड़ों के आधार पर बताया गया है कि पिछले साल मार्च में देश भर में संघ की शाखाओं की कुल संख्या 83,129 थी, जो मार्च 2026 में बढ़कर 88,949 हो चुकी है। मतलब एक साल के अंदर ही 5,820 नई शाखाएं शुरू हुई हैं। यह संघ के बढ़ते कैडर और प्रभाव को दर्शाता है। भौगोलिक विस्तार की .ष्टि से भी संघ ने ऊंची छलांग लगाई है। संघ के स्थान के आंकड़े बताते हैं कि मार्च 2025 में संघ 51,740 स्थानों पर सक्रिय था, जो अब बढ़कर 55,683 हो चुके हैं। यानी एक साल के अंदर 3,943 नए ग्रामीण, कस्बाई और शहरी इलाकों में संघ ने अपने स्थान बनाए हैं। आरएसएस ने अपने शताब्दी वर्ष में उन इलाकों पर विशेष फोकस किया है, जहां अभी तक उसकी उपस्थिति अपेक्षा.त कम थी। नियमित शाखाओं के अलावा संघ साप्ताहिक मिलन और मासिक मंडली कार्यक्रम भी आयोजित करता है। यह मुख्य रूप से उन लोगों के लिए होते हैं, जो रोज समय नहीं निकाल पाते। संघ के मिलन और मंडली कार्यक्रमों में भी पिछले एक साल के दौरान सकारात्मक वृद्धि हुई है। वार्षिक प्रतिवेदन के आंकड़ों के मुताबिक, संघ के साप्ताहिक मिलन कार्यक्रमों की संख्या 32,147 से बढ़कर 32,606 हो गई है। इस तरह इसमें 459 की बढ़ोतरी हुई है। वहीं मासिक मंडली की संख्या 1,120 बढ़कर पिछले साल मार्च के 12,091 से इस साल मार्च में 13,211 हो गई है। बता दें कि आरएसएस की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की हरियाणा के समालखा में हो रही। इस दौरान पिछले एक वर्ष में आरएसएस के कार्यों के विस्तार और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। इस साल संघ का शताब्दी उत्सव मनाया जा रहा है, ऐसे में यह बैठक और भी अहम है। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक का आरएसएस प्रमुख मोहन भगवत और महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने उद्घाटन किया।

## कांशीराम के बहाने राहुल ने खेला ''दलित कार्ड''



फरीद वारसी

संसद सत्र के दौरान बीते दिनों एक ऐसी चीज भी दिखी जिसने कई लोगों का ध्यान खींच लिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के गले में एक अलग तरह का हार नजर आया. पारंपरिक डिजाइन और धातु के सजावटी टुकड़ों वाला यह हार नागालैंड की जनजातीय संस्.ति से जुड़ी नगा शैली की माला है। नॉर्थ–ईस्ट के नागा समुदायों में इस तरह के आभूषण केवल सजावट के लिए नहीं पहने जाते, बल्कि इन्हें पहचान, सम्मान और सांस्.तिक विरासत का प्रतीक माना जाता है। यही वजह है कि संसद में इसके दिखने के बाद कई लोगों के मन में सवाल उठा कि आखिर इस पारंपरिक माला का इतिहास क्या है और नागा संस्.ति में इसका महत्व क्यों खास माना जाता है। नागालैंड की जनजातीय परंपराओं में आभूषणों का महत्व बहुत गहरा है। पारंपरिक नेकलेस, हेडगियर और अन्य आभूषण किसी व्यक्ति की जनजातीय पहचान, सामाजिक स्थिति और समुदाय से जुड़ाव को दर्शाते हैं। कई बार ये आभूषण पीढ़ियों तक परिवारों में विरासत के रूप में संभालकर रखे जाते हैं और विशेष अवसरों पर पहने जाते हैं। अब बात कांग्रेस द्वारा आयोजित बसपा के संस्थापक कांशीरम की जयंती की तो मालूम हो कि कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को लखनऊ में कांशीराम जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया। वैसे तो कांशीराम की जयंती 15 मार्च को होती है, लेकिन कांग्रेस की तरफ से दो दिन पहले आयोजित कार्यक्रम में राहुल गांधी ने बसपा संस्थापक को लेकर बड़ा बयान दिया। कांग्रेस नेता राहुल ने कहा कि अगर आज जवाहरलाल नेहरू जीवित होते, तो कांशीराम कांग्रेस के मुख्यमंत्री होते। उनका यह बयान यूपी में दलित और पिछड़े वर्ग को लुभाने की कोशिश माना







जा रहा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि जिस रास्ते पर कांग्रेस चल रही थी, उसमें कमियां थीं, इसलिए कांशीराम सफल हुए। अगर कांग्रेस पार्टी अपना काम करती तो कांशीराम सफल नहीं हो पाते। उन्होंने आगे कहा कि मैंने एक बात किसी से कही थी, पता नहीं सही कहा या गलत, लेकिन अगर अगर आज जवाहरलाल नेहरू जिंदा होते तो कांशीराम कांग्रेस के मुख्यमंत्री होते। वहीं इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पेन का उदाहरण देकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आंबेडकर हमेशा शिक्षा और संगठन की मजबूती की बात किया करते थे। कांशीराम जब उत्तर प्रदेश में रात–रात भर घूमते थे, तो वह पेन लेकर चलते थे। पेन और ढक्कन की मिसाल देकर वह कहते थे कि समाज के 15 पर्सेंट लोगों को तो लाभ मिले ही, लेकिन बाकी 85 पर्सेंट (बहुसंख्यक) समाज भी इसमें शामिल होना चाहिए और उसे भी इसका फायदा मिलना चाहिए। राहुल ने आगे कहा कि अब भाजपा ने नई व्यवस्था बना दी है। पेन को उसके ढक्कन से अलग कर दिया है। राहुल गांधी ने कहा कि राजनीति में दो तरह के लोग होते हैं। एक तरह के लोग कहते हैं कि समाज में सबको फायदा हो, कोई पीछे न रहे। अगर हिंदुस्तान में प्रगति हो रही है तो हर वर्ग के बच्चों को उस प्रगति में शामिल होना चाहिए। आज हिंदुस्तान की जो हालत है, चाहे जुडिशरी हो, मंत्रिमंडल हो, ब्यूरोक्रेसी, शिक्षा, कॉरपोरेट्स हों, उसमें आप देखेंगे कि 85 पर्सेंट तो उसमें है ही नहीं। आप बड़ी कंपनियों के सीईओ, सीनियर मैनेजमेंट को देखें तो पाएंगे कि उनमें दलित, आदिवासी, पिछड़ा, अति पिछड़ा, माइनोरिटी कोई नहीं है। वहीं इसी के साथ राहुल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान और उसकी विचारधारा को नहीं मानते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर और कांशीराम ने वंचितों के हक की लड़ाई लड़ी, पूरा जीवन समाज के लिए दे दिया, लेकिन अपनी विचारधारा से समझौता नहीं किया. .. संविधान वो शक्ति है, जिसने सभी देशवासियों को आगे बढ़ने का अवसर दिया है, समानता और सम्मान का अधिकार दिया है. हम हर कीमत पर इसकी रक्षा करते रहेंगे। आज हम कांशीराम के संघर्ष, उनके विजन और भारत की राजनीति पर उनके प्रभाव को याद करते हैं और दिल से उनका धन्यवाद करते हैं। राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी पर देश की एनर्जी सिक्योरिटी अमेरिका को सौंपने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने हिंदुस्तान का सारा डेटा अमेरिका को सौंप दिया, अमेरिका के लिए हिंदुस्तान का पूरा बाजार खोल दिया। अगर अमेरिका का सामान भारत आएगा तो हमारे किसानों और व्यापारियों का क्या होगा?

## पश्चिम बंगाल में चुनावी लोकतंत्र को असली मतदाताओं का नाम काटने से खतरा

नीलोत्पल बसु

भारत का विचार सावरकर की हिंदुत्व विचारधारा द्वारा बुनी गई काल्पनिक कहानियों से नहीं बना था। इसे ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन को हटाने के लिए राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम में बहाए गए खून और पसीने से आकार मिला था। जाहिर है, इस विचार ने एक अलग ही कार्यप्रणाली तय की, जिसने 26 जनवरी, 1950 को लागू हुए संविधान के बुनियादी स्तंभों को बनाने में योगदान दिया। बुनियादी बातें क्या थीं? आर्थिक और राजनीतिक संप्रभुता और उपनिवेशवाद से मुक्ति की ओर बढ़ना स्वतंत्रता संग्राम का ही एक स्वाभाविक विस्तार था। इसे धर्मनिरपेक्ष होना था, ताकि लोगों को अपनी पसंद का धर्म मानने की आजादी और समानता मिल सके। इसे लोकतांत्रिक होना था, जिसके बिना कमजोर और ताकतवर लोगों के बीच की गहरी खाई, और धन व अवसरों में मौजूद भारी असमानता को पाटा नहीं जा सकता था। इसे संघीय होना था, ताकि कई राष्ट्रीयताओं, संस्कृतियों, भाषाओं, खान–पान और पहनावे की महान विविधता को सुरक्षित रखा जा सके। वह एक ऐसी विविधता थी जिसे हिंदुत्व द्वारा अपनाई जाने वाली एकध्रुवीय, एक–आयामी और संकीर्ण सोच के जरिए न तो समझा जा सकता था और न ही सुलझाया जा सकता था। जाहिर है, भारत का जो विचार संविधान ने स्थापित किया, वह किसी नव–फासीवादी कार्यप्रणाली पर नहीं चल सकता था। भारत का विचार इस सिद्धांत पर आधारित था कि अलग–अलग तरह के लोग एक समान और साझा नागरिकता के साथ रहें। इसका सीधा सा मतलब है कि ऐसा विचार श्सार्वभौमिक वयस्क मताधिकारश के सिद्धांत पर आधारित होना जरूरी था, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी को देश का हिस्सा होने का समान अधिकार मिले। एक श्राष्ट्रीय भाषाश या एक श्राष्ट्रीय धर्मश का विचार संविधान की परिकल्पना से कहीं बाहर था। पश्चिमी लोकतंत्रों की सोच के विपरीत, भारत में सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार और चुनावी लोकतंत्र को ही अपनाया जाना था। लेकिन अगर ऐसा न किया जाता, तो एक साझा और सामूहिक अस्तित्व में भारत की एकता खतरे में पड़ सकती थी। इस कार्यप्रणाली का मुख्य आधार एक मजबूत और संवैधानिक रूप से अधिकार प्राप्त श्भारतीय चुनाव आयोगश (ईसीआई)था, जो इस प्रतिनिधि लोकतंत्र को सुनिश्चित करे और उस पर निगरानी रखे। यह भी पूरी तरह से स्पष्ट है कि ईसीआई के लिए हर असली नागरिक को वोटर लिस्ट में शामिल करना एक श्कर्तव्यश था, न कि कोई उपकार। इसलिए, मतदाता सूची तैयार करने का काम ईसीआई का था, न कि किसी आम नागरिक का। भारत के विचार को आगे बढ़ाना ही संविधान द्वारा ईसीआई को सौंपा गया मुख्य कार्य था। दुर्भाग्य से, श्भारत के विचारश के लिए मौजूदा खतरा ठीक इसी जगह से पैदा हो रहा है। इस खतरे के मूल स्रोत को लेकर कोई बहस नहीं हो सकती। यह शहिंदुत्वश का विचार है जो नागरिकों के बीच उनकी अलग–अलग धार्मिक पहचान के आधार पर भेदभाव करता है।



भारत में, आरएसएस ठीक वैसे ही करता है जैसे डोनाल्ड ट्रंप के इमिग्रेशन एंड कस्टम्सएनफोर्समेंट (आईसीई) एजेंट लोगों में डर और असुरक्षा की भावना पैदा करने की कोशिश करते हुए करते हैं। व्यावहारिक रूप से कहें तो, अमित शाह ने उन तथाकथित घुसपैठियों की पहचान करने के लिए अपनी उंगली तक नहीं उठाई, जो दीमकों की तरह राष्ट्र की जड़ों को खोखला कर रहे हैं! इसलिए, बिना किसी ठोस सुबूत के घुसपैठियों के मुद्दे को एक हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने का तरीका अब ईसीआई के तौर–तरीकों में भी शामिल हो गया है। पता लगाओ, हटाओ और बाहर निकालो का नारा अब ईसीआई के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की एक अलिखित पहचान बन गया है। इस अभियान का मकसद उन नागरिकों के मताधिकार को छीनना है जिन्हें दीमक कहकर बदनाम किया जा रहा है। अब यह बिल्कुल साफ हो चुका है कि एसआईआर को पूरा करने के लिए जो बहुत कम समय सीमा तय की गई है, वह पूरी तरह से अव्यावहारिक और गलत है। इससे जो नुकसान हुआ है, वह सभी के सामने हैकृ खास तौर पर पश्चिम बंगाल में। पश्चिम बंगाल एक सीमावर्ती राज्य है, जहां मुसलमानों की आबादी काफी बड़ी है। अब इन्हीं लोगों के मताधिकार को छीनने की कोशिश की जा रही है। एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने से पहले, कुल मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ थी। जब ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित हुए, तो यह संख्या घटकर 7.08 करोड़ रह गई। भारी दबाव में आकर, ईसीआई ने अमित शाह के एक अनौपचारिक समर्थक की तरह काम किया और एक ऐसी रणनीति बनाई जिसका चुनाव कानूनों या उनके तहत लिखे गए नियमों में कहीं कोई जिक्र नहीं हैय और उसने श्तार्किक विसंगतिश की एक नई अवधारणा गढ़ ली। यह और कुछ नहीं, बल्कि नामों की वर्तनी में कुछ अंतर, माता–पिता और बच्चों की उम्र में अंतर, और इसी तरह की कुछ अन्य मामूली बातें हैं। यह स्पष्ट रूप से इस बात का सुबूत है कि नागरिकता की अवधारणा को पिछले दरवाजे से घुसाने की कोशिश की जा रही है। नतीजतन, लगभग 60 लाख नाम श्निर्णय के अधीनश बताकर रोक दिए गए हैं। इनमें ज्यादातर वंचित वर्ग, अल्पसंख्यक, दलित, आदिवासी और महिलाएं शामिल हैं। यह इस बात को भी स्पष्ट रूप से साबित करता है कि शुरुआत में दिए गए इस आश्वासन के विपरीत कि भौतिक सत्यापन किया जाएगा, ईसीआई को ऐसी विसंगतियों की पहचान करने के लिए डिजिटल माध्यमों का सहारा लेना पड़ा।

अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन अभी भी टला हुआ है। यहां तक कि सर्वोच्च न्यायालय को भी यह टिप्पणी करनी पड़ी कि इन तथाकथित विसंगतियों को सत्यापित करने के लिए अधिकारियों की संख्या बढ़ाने हेतु न्यायिक अधिकारियों को तैनात करना पड़ेगा, जिससे इस तरह के कदम की संवैधानिकता पर सवाल खड़े हो गए हैं। लेकिन तब भी, ईसीआई को एक हलफनामे के जरिए सर्वोच्च न्यायालय के सामने यह स्वीकार करना पड़ा कि इस पूरी प्रक्रिया को पूरा करने में अभी एक महीना और लगेगा। इससे एक संवैधानिक संकट खड़ा हो रहा है। जब तक अंतिम मतदाता सूची की घोषणा नहीं हो जाती, तब तक चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं की जा सकती, ताकि 6 मई से पहले पूरी प्रक्रिया संपन्न हो सके, क्योंकि नई विधानसभा को 7 मई, 2026 तक अस्तित्व में आना अनिवार्य है। सीपीआई(एम) ने पूरी तरह से यह सही दावा किया है कि 60 लाख मतदाताओं के नाम निर्णय के अधीन होने की स्थिति में मतदाता सूची को अंतिम रूप नहीं दिया जा सकताय और ईसीआई द्वारा स्पष्ट रूप से विचारधारा से प्रेरित होकर किए गए इस प्रयास के कारण लोगों को जिस भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, उसकी तो बात ही छोड़ दें। इसलिए, आज सवाल यह है कि क्या चुनावी लोकतंत्र बच पाएगा? अमित शाह के विचारों को आगे बढ़ाने के अपने इस निंदनीय प्रयास में, ईसीआई ने संवैधानिक व्यवस्था को ही खतरे में डाल दिया है। जो भी लोग लोकतंत्र को संजोते हैंकृविशेष रूप से देश की वामपंथी ताकतेंकृ उन्हें वयस्क मताधिकार और चुनावी लोकतंत्र के मूल आधार की रक्षा करने में दृढ़ रहना होगा, और यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी वैध मतदाता छूट न जाए।

# क्रेशर की दीवार गिरी, मलबे में दबकर मजदूर की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। रविवार देर रात आए तेज आंधी–तूफान ने क्षेत्र में भारी नुकसान पहुंचाया। कोटद्वार मार्ग स्थित एक क्रेशर की ऊंची दीवार तेज हवाओं के दबाव में अचानक भरभराकर गिर गई, जिसकी चपेट में आकर एक मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने सोमवार सुबह मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर जाम लगा दिया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। बताया जा रहा है कि रविवार रात करीब साढ़े 12 बजे नजीबाबाद–कोटद्वार मार्ग पर स्थित कुमार कुंज क्रेशर की दीवार आंधी के कारण ढह गई। उसी दौरान वहां मौजूद किरतपुर थाना क्षेत्र के गांव छितावर निवासी 30 वर्षीय शिवम कश्यप दीवार के मलबे में दब गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए और शव को अपने साथ ले गए। सोमवार सुबह परिजनों और ग्रामीणों ने क्रेशर के पास सड़क पर जाम लगाकर मुआवजे की मांग की। इस दौरान मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात कुछ समय के लिए बाधित हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही तहसीलदार संतोष कुमार यादव, नायब तहसीलदार अमित कुमार और थाना प्रभारी राहुल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को समझाकर शांत कराने का प्रयास किया और क्रेशर स्वामी से वार्ता कर उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। प्रशासन की ओर से दोनों पक्षों के बीच बातचीत कर समाधान निकालने की कोशिश की जा रही है।

# सामान लौटाने को लेकर किराना व्यापारी से मारपीट, तीन आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर, नगीना। बाजार मंडी मौलगंज में सामान वापस करने को लेकर हुए विवाद में किराना व्यापारी और उसके भतीजे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक व्यक्ति ने अपने दो बेटों के साथ मिलकर व्यापारी पर हमला कर दिया, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने बाद में तीनों को गिरतार कर चालान कर दिया। मंडी मौलगंज निवासी थोक किराना व्यापारी संजय जैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार सुबह करीब 11 बजे बढ़ापुर निवासी कयामुद्दीन अपने बेटों आवेश और परवेज के साथ स्कॉर्पियो कार से उनकी दुकान पर पहुंचे। बताया जाता है कि एक दिन पहले खरीदे गए रिफाइंड समेत कुछ सामान की कीमत को लेकर वे विवाद करने लगे और सामान वापस करने की बात कहने लगे। संजय जैन के अनुसार उन्होंने सामान लौटाने पर पैसे वापस करने की बात कही, लेकिन इस दौरान तीनों आरोपी गाली–गलौज करते हुए झगड़ा करने लगे। हंगामा बढ़ने पर उनके बड़े भाई निर्मल जैन बीच–बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर लोहे के बाट से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। इसी दौरान संजय जैन का पुत्र नमन जैन भी मौके पर पहुंच गया। आरोप है कि हमलावरों ने उसे धक्का देकर गिरा दिया और उसका गला दबा दिया, जिससे वह बेहोश हो गया। शोर–शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी अपनी कार छोड़कर वहां से भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही व्यापारी समुदाय के कई लोग मौके पर पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर तीनों आरोपियों को गिरतार कर लिया। सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर कयामुद्दीन और उसके दोनों बेटों आवेश व परवेज के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरतार कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी के घर में जल्द ही शादी का कार्यक्रम है। जानकारी के अनुसार 28 मार्च को आवेश की शादी होनी है, जिसके चलते ही घर के लिए सामान की खरीदारी की गई थी। घटना के बाद से उनके घर में सन्नाटा पसरा हुआ है।

# गुलदार के हमले में बालिका की मौत, खेत से घर लौटते समय हादसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

नहटौर, बिजनौर। थाना क्षेत्र के ग्राम मुकर्रमपुर में रविवार सुबह उस समय अफरा–तफरी मच गई जब खेत से घर लौट रही एक 10 वर्षीय बालिका पर गुलदार ने हमला कर दिया। गुलदार बालिका को गर्दन से पकड़कर झाड़ियों की ओर घसीट ले गया। ग्रामीणों के शोर मचाने और पीछा करने पर गुलदार बालिका को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार गांव निवासी अतुल कुमार का परिवार रविवार सुबह गन्ने की बुवाई के लिए खेत पर गया था। करीब 10 बजे काम समाप्त होने के बाद उनकी पत्नी पिंकी अपने बच्चों अदिति उर्फ मधु (10) और आदित्य के साथ घर लौट रही थी। तभी रास्ते में झाड़ियों में छिपे गुलदार ने अचानक अदिति पर हमला कर दिया और उसे गर्दन से दबोचकर जंगल की ओर ले गया। घटना देख मां ने शोर मचाया तो आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण लाठी–डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों के शोर और पीछा करने पर गुलदार करीब 200 मीटर दूर बालिका को घायल अवस्था में छोड़कर भाग गया। परिजन तुरंत उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहटौर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार धनराज कुमार, सीओ अभय कुमार पांडे और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि गुलदार को पकड़ने के लिए क्षेत्र में कांबिंग कराई जा रही है और दो पिंजरे लगाए गए हैं। साथ ही आसपास के गांवों में गश्त बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि मृतका के परिजनों को शासन की ओर से निर्धारित मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार अदिति गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार की छात्रा थी और चार भाई–बहनों में दूसरे नंबर पर थी। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# राज्यमंत्री ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो /हरगांव, सीतापुर। हरगांव क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल सूर्यकुण्ड तीर्थ स्थल पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राज्यमंत्री सुरेश राही ने उपस्थित क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का पर्व है। यह त्योहार समाज को एकजुट करने और आपसी मतभेद भुलाकर खुशियां बांटने का संदेश देता है। उन्होंने सभी से मिलजुलकर त्योहार मनाने की अपील की। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रधानों और गणमान्य लोगों ने एक–दूसरे पर फूल बरसाकर होली खेली और एक–दूसरे को बधाई दी। इस दौरान पारंपरिक व्यंजन गुझिया सहित विभिन्न पकवानों का भी लोगों ने आनंद लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे और पूरे परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। इस अवसर पर पूर्व विधायक महेंद्र यादव, चेयरमैन गफार खान, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, श्रीश मिश्रा, राजेश्वरी देवी, विमला सिंह, रामनरेश त्रिवेदी, अरुणेश त्रिपाठी, शंकर दयाल, सुनील मिश्र, गोपाल शास्त्री, संजय दीक्षित, छन्नू लाल गांधी, रामसेवक रौना, मनोज, बाबू सिंह, धीरू सिंह, विनीत कुमार, टाइगर, संजय जायसवाल, पंकज शुक्ला, मदन श्रीवास्तव सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक–दूसरे को होली की बधाई देते हुए सामाजिक सौहार्द और एकता बनाए रखने का संकल्प लिया।



# हमें अपने आपको बदलने का बेहतरीन महीना है रमजान

## - रोजा सिर्फ फाका करने का नहीं दूसरों के दर्द को समझने का नाम है

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। रमजानुल मुबारक का महीना धीरे धीरे समापन की ओर है इसके आने की बेपनाह खुशी होती है लेकिन इसके जाने पर बहुत तकलीफ और अफसोस भी होता है लेकिन अल्लाह ताला के बनाए हुए नियमों के अनुसार ही संसार में सब कुछ होता है और जो भी वो करता है अच्छा ही करता है लेकिन मनुष्य को जिसमें फायदा दिखाई देता है उसे ही अच्छा समझता है लेकिन कुदरत की बात समझ नहीं पाता और उसका क्या मकसद है यह समझने की कोशिश भी नहीं करता है। उक्त उदगार स्थानीय दरगाह हजरत हाफिज असलम मियां साहब अलैहिररहमा के सज्जादा नशीन हाजी सैय्यद फुरकान मियां हाशमी ने दरगाह में उपस्थित लोगों के सम्मुख व्यक्त करते हुए कहा कि रमजान शरीफ का बरकतों वाला महीना जैसे ही आता है घरों में खुशियां हो जाती हैं क्योंकि इस माह में इंसान को अपने बदलने का बेहतरीन मौका मिलता है और रोजा रखने से उसको इसका एहसास भी होता है कि वो गरीब और परेशान लोग जो पैसा और रोजगार न होने से भूखे रहते हैं तो इससे हमे उनकी भूख की तकलीफ का पता चल जाता है दूसरे इस महीने में एक नेक काम यानी पुण्य का काम करने से सत्तर नेकियों का लाभ अल्लाह ताला हमें देता है,इसी माह में कुरआन नाजिल हुआ यानी रूए जमीन पर उतारा गया, इसी माह में अल्लाह ने तमाम खुशियों को हम सबके लिए भेजा जिनकी हमें जरूरत होती है। श्री हाशमी ने बताया कि इस महीने को तीन हिस्सों में बांट दिया गया है रहमत,बरकत और नजात यह आखिरी अशरा नजात का है जहन्नुम यानी नरक से बचने का इस लिए खूब तौबा करके अच्छे काम करके



अल्लाह से दुआ मांगें,अच्छे काम करने से गरीबों, अनाथों, असहायों के साथ मदद करने से उनके कारोबार व्यवसाय में बरकत होती है अल्लाह की मदद उनके साथ होती है। इन आखरिी दस दिनों में लैलतुल कदर यानी पांच रातें बताई गई हैं जिनमें रात भर जाग कर अल्लाह की इबादत करनी चाहिए अपने गुनाहों की तौबा भी करनी चाहिए और अल्लाह की मदद मांगनी चाहिए, रमजान का चांद निकलते ही अल्लाह ताला जहन्नुम के दरवाजे बन्द कर देता है और जन्नत के दरवाजे खोल देता है शैतान को कैद कर दिया जाता है लेकिन अफसोस कि आज हम सब दीन से इतना दूर होते जा रहे हैं कि इस मुबारक माह में भी न नमाज की पाबन्दी करते न रोजा रखते झूठ बोलना दूसरों की बुराई करना अपना फैशन समझते हैं जो जकात अदा करने वाले हैं वो भी बड़ी तादाद में सही तरीके से अदा नहीं करते है यानी जकात का जो तरीका है उसके अनुसार अदा नहीं करते, याद रखिए कि रोजा खाना पानी छोड़ने का नाम नहीं है यह आंख,कान, जुबान, हाथ, पैर सभी का होता है यानी आंख से गलत न देखें कान से न सुने जुबान से गलत न बोलें न गलत कहें हाथों से गलत काम न करें और पैरों से गलत जगह न जाएं दूसरों यानी गरीब परेशान को पहले खिलाएं तब खुद खाएं इसका नाम रोजा है गलत तरीके से कमाई हुई धन दौलत से दूर रहें अपनी हलाल और मेहनत की कमाई हुई दौलत से खाएं इसका नाम रोजा है कुरआन की तिलावत, करें दुरूद शरीफ और तौबा खूब खूब पढ़ें अपने मां बाप का आदर सम्मान करें पड़ोसियों से प्यार मोहब्बत हमदर्दी करें अपने मुल्क के वफादार बन कर रहें मुल्क की सलामती और उसकी तरक्की के लिए दुआ करते रहें सदका ए फितर ईद की नमाज से पहले अदा कर दें सदका ए फितर घर के सभी लोगों की तरफ से देना अनिवार्य है भले ही ईद के दिन ही किसी बच्चे का जन्म हुआ हो उसका भी अदा किया जाएग। अन्त में मुल्क और मिल्लत के लिए दुआ भी की इस अवसर पर कस्बे के काफी लोग मौजूद थे। मुख्य रूप से सैय्यद सलमी मियां नवेद असलम हाशमी, सैय्यद फरजान मियां हाशमी, सैय्यद फरहान मियां हाशमी, सैय्यद फरमान मियां हाशमी, कारी इस्लाम अहमद आरफी, इमरान सिद्दीकी, सलीम खान, अवसाफ अहमद, हाफिज आकिब, हाफिज आरिफ आदि रहे।

# खीरी के पत्रकार मोहम्मद अशरफ का इंतकाल

## - नम आंखों से दी गई विदाई



न्यूज वाणी ब्यूरो

कस्बा खीरी, लखीमपुर। पत्रकारिता जगत और समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान रखने वाले खीरी एकता परिषद के अध्यक्ष एवं न्यूज चैनल के प्रमुख मोहम्मद अशरफ खान अब हमारे बीच नहीं रहे। लंबी बीमारी से जूझते हुए रविवार को लखनऊ के एक अस्पताल में दोपहर लगभग 2 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर जैसे ही कस्बा खीरी पहुंची, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। संघर्षपूर्ण और सेवाभावी जीवन मोहल्ला सैय्यदवाडा के निवासी मोहम्मद अशरफ खान न केवल एक निडर पत्रकार थे, बल्कि वे कौमी एकता और सामाजिक सद्भाव के एक बड़े पैरोकार भी थे। खीरी एकता परिषद के माध्यम से उन्होंने वर्षों तक लोगों को एकजुट करने और मजलूमों की आवाज उठाने का काम किया। उनके डिजिटल प्लेटफॉर्म खीरी सत्य ने कस्बे की छोटी–बड़ी समस्याओं को शासन–प्रशासन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। लखनऊ में ली अंतिम सांस, कस्बे में पसरा सन्नाटा पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, खान साहब पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और उनका उपचार लखनऊ से चल रहा था। रविवार दोपहर उनके निधन की सूचना मिलते ही उनके चाहने वाले स्तब्ध रह गए। देर शाम जब उनका पार्थिव शरीर एम्बुलेंस से उनके पैतृक निवास सैय्यद वाडा लाया गया, तो उनके अंतिम दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। कस्बे के बाजार और गलियों में सन्नाटा पसरा रहा और हर आंख नम नजर आई। गमगीन माहौल में सुपुर्द–खाक रात लगभग 9 बजे जनाजे की नमाज ऐतिहासिक दरगाह शरीफ के मैदान में अदा की गई। इसमें हिंदू–मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, पत्रकार साथी और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इसके पश्चात, मीराताल स्थित कब्रिस्तान में उन्हें गमगीन माहौल में सुपुर्द–खाक कर दिया गया। जनाजे के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि अशरफ खान साहब की कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती। वे केवल एक पत्रकार नहीं, बल्कि खीरी की गंगा–जमुनी तहजीब के रक्षक थे। शोक संवेदनाओं का तांता उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और प्रेस क्लबों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि अशरफ भाई ने हमेशा सच का साथ दिया। वे हर दिल अजीज थे और उनके दरवाजे हर जरूरतमंद के लिए हमेशा खुले रहते थे मोहम्मद अशरफ खान अपने पीछे एक भरा–पूरा परिवार और प्रशंसकों की एक लंबी कतार छोड़ गए हैं। उनका जाना जनपद की पत्रकारिता और सामाजिक सक्रियता के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

# अटरिया में गुटखा सिंडिकेट का नंगा नाच, जनता की जेब पर डाका

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली/अटरिया, सीतापुर। कहते हैं कानून के हाथ लंबे होते हैं, लेकिन सीतापुर के सिधौली और अटरिया



क्षेत्र में इन दिनों कानून के हाथ गुटखा माफियाओं की तिजोरियों के नीचे दबे नजर आ रहे हैं। यहाँ पान मसाला और गुटखा के थोक विक्रेताओं ने मिलकर एक ऐसा खूनी सिंडिकेट तैयार किया है, जो आम जनता की मेहनत की कमाई को सरेआम नोच रहा है। हैरानी की बात यह है कि महज 90 दिनों के भीतर कीमतों में 100 प्रतिशत तक का करंट लगा दिया गया है, और पूरा प्रशासनिक अमला कुंभकर्णी नींद का आनंद ले रहा है। गोदामों में कैद माल, बाजार में बनावटी काल बाजार में सामान की कोई किल्लत नहीं है, बल्कि यह मैन–मेड क्राइसिस है। सिधौली और अटरिया के रसूखदार डिस्ट्रीब्यूटर्स ने एक सोची–समझी साजिश के तहत अपने गोदामों को माल से पाट दिया है। .त्रिम किल्लत पैदा कर बाजार में हाहाकार मचाया जा रहा है, ताकि पीछे छिपे सफेदपोश मुनाफाखोर कालाबाजारी के खेल को परवान चढ़ा सकें। रोंगटे खड़े कर देने वाले आंकड़े नीचे दी गई तालिका स्पष्ट करती है कि कैसे चंद महीनों में गुटखा माफियाओं ने कीमतों को आसमान पर पहुंचा दिया है। स्थानीय बड़े दुकानदारों ने पान मसाला गुटखा पर इस कदर लूटमाता रखी है कि जो राजश्री का एक पैकेट 130 से 140 रुपए में बेच रहे थे वही मसाले का पैकेट कालाबाजारी कर 250 रुपए से ऊपर बेचा जा रहा है। गुटखा शौकीनों के अनुसार जो दिलबाग मसाले का पैकेट 130 रुपए प्रति पैकेट के हिसाब से बिक्री की जाती थी वहीं अब भ्रष्टाचारी भूखे भेड़ियों के द्वारा 240 रु से भी ऊपर वसूले जा रहे हैं मगरमच्छों की मलाई, गुमटी वालों की शामत इस सिंडिकेट के खेल में सबसे ज्यादा अगर कोई पिस रहा है, तो वो है सड़क किनारे गुमटी लगाने वाला छोटा दुकानदार। बड़े एजेंसी धारक तो एयरकंडीशन कमरों में बैठकर नोटों की गड्डियां गिन रहे हैं, लेकिन ग्राहकों की गालियां और उनका गुस्सा उन गरीब फुटकर विक्रेताओं को झेलना पड़ रहा है जो मजबूरी में महंगा माल खरीद रहे हैं। जब कोई छोटा दुकानदार रेट बढ़ने का कारण पूछता है, तो डिस्ट्रीब्यूटर्स का रटा–रटाया जुमला होता है– ष्पीछे से (कंपनी से) रेट बढ़ गए हैं।ष झ बड़ा सवालरू क्या देश की कोई भी रजिस्टर्ड कंपनी रातों–रात अपनी कीमतें दोगुनी कर सकती है? या फिर यह स्थानीय स्टॉकहोल्डर्स का बनाया हुआ वह श्आर्थिक अपराधश है, जिसे सत्ता और अधिकारियों का मूक संरक्षण प्राप्त है?प्रशासनिक चुप्पीः क्या श्मलाईश का हिस्सा ऊपर तक है? सिधौली और अटरिया की गलियों में अब यह चर्चा आम हो चुकी है कि क्या खाद्य विभाग और स्थानीय प्रशासन की आंखों पर श्नोटों की पट्टीश बंधी है? जनता सीधे तौर पर सवाल उठा रही है कि आखिर इन मुनाफाखोरों के गोदामों पर छापेमारी करने से विभाग के हाथ–पांव क्यों फूल रहे हैं? जनता की दहाड़ अब तो जागिए हुजूर ! क्षेत्र के नागरिकों ने अब आर–पार की लड़ाई का मन बना लिया है। उनकी मांगें स्पष्ट हैं–

1. वीडियो ग्राफी के साथ छापेमारीः थोक विक्रेताओं के गोदामों की तत्काल जांच हो।
2. रेट लिस्ट का अनिवार्य प्रदर्शनः हर दुकान पर आधिकारिक मूल्य सूची चस्पा की जाए।
3. जेल की सलाखेंरू कालाबाजारी करने वाले सिंडिकेट के श्आकाओंश को चिह्नित कर जेल भेजा जाए।

अब देखना यह है कि क्या सीतापुर प्रशासन इन श्गुटखा माफियाओंश पर चाबुक चला पाता है या फिर जनता इसी तरह इस शसिंडिकेट राजश में लुटती रहेगी।

# ऐलिया सीएचसी में मिली खामियों पर भड़के डॉ. सुरेश कुमार

## - सुधार के लिए दी कड़ी चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर, ऐलिया। जनपद की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरुस्त करने के संकल्प के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. सुरेश कुमार एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। सोमवार को उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ऐलिया का औचक निरीक्षण किया, जिससे अस्पताल कर्मियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान मिली अव्यवस्थाओं और प्रशासनिक कमियों पर सीएमओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए दो टूक कहा कि लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपस्थिति और दवाओं के स्टॉक की गहन जांच सीएचसी पहुँचते ही सीएमओ ने सबसे पहले कर्मचारियों के उपस्थिति रजिस्टर को अपने कब्जे में लिया और ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की मौजूदगी की पड़ताल की। इसके बाद उन्होंने दवा स्टोर का रुख किया और वहां स्टॉक की उपलब्धता जांची। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अस्पताल में आवश्यक दवाओं की कमी नहीं होनी चाहिए और मरीजों को बाहर की दवाएं लिखने वाले डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मरीजों से जाना हाल, सफाई पर दिए निर्देश डॉ. सुरेश कुमार ने केवल फाइलों का ही निरीक्षण नहीं किया, बल्कि वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से भी सीधे संवाद किया। उन्होंने पूछा कि उन्हें मिल रही सुविधाएं संतोषजनक हैं या नहीं। अस्पताल परिसर में गंदगी देख उन्होंने नाराजगी जताई और स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। ष्सुधार जाएं या कार्रवाई के लिए तैयार रहें निरीक्षण के दौरान मिली प्रशासनिक खामियों पर सीएमओ का कड़ा रुख देखने को मिला। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहारू ष्स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। औचक निरीक्षण का सिलसिला जारी रहेगा। यदि व्यवस्थाएं जल्द नहीं सुधरीं, तो जिम्मेदार कर्मियों के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के मुख्य बिंदुरू हाजिरी रजिस्टररू डॉक्टरों और स्टाफ की उपस्थिति की क्रॉस–चेकिंग। दवा उपलब्धतारू स्टॉक की जांच और बाहर की दवा



लिखने पर पूर्ण पाबंदी। साफ–सफाईरू अस्पताल परिसर को स्वच्छ और संक्रमण मुक्त रखने के आदेश। फीडबैकरू मरीजों से सीधी बात कर इलाज की गुणवत्ता की परख।

# सावधान! घरेलू सिलेंडर का व्यावसायिक इस्तेमाल पड़ेगा भारी

## – महमूदाबाद में वेल्डिंग की दुकान पर छापा, एफआईआर दर्ज



न्यूज वाणी ब्यूरो

महमूदाबाद, सीतापुर। जनपद में एक ओर जहां आम जनता गैस की किल्लत से जूझ रही है, वहीं दूसरी ओर घरेलू सिलेंडरों के अवैध व्यावसायिक उपयोग ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। इसी क्रम में रविवार को महमूदाबाद क्षेत्र में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक दुकानदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र स्थित श्पटेल रिपेयरिंगश नामक वेल्डिंग की दुकान पर नायब तहसीलदार राकेश कुमार और पूर्ति निरीक्षक निशि अग्रवाल की संयुक्त टीम ने अचानक छापेमारी की। जांच के दौरान टीम ने पाया कि दुकान पर सरेआम घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग वेल्डिंग कार्य के लिए किया जा रहा था। कागजात नहीं दिखा सका दुकानदार जब अधिकारियों ने दुकानदार हंसराज वर्मा पुत्र बनवारी लाल वर्मा से सिलेंडर के उपयोग से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे, तो वह कोई भी कागज पेश नहीं कर सका। नियमों की अनदेखी और घरेलू गैस के दुरुपयोग को देखते हुए प्रशासन ने इसे गंभीर अपराध माना। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। हंसराज वर्मा द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 कार्रवाई महमूदाबाद कोतवाली में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। घरेलू गैस सिलेंडर केवल घरों में खाना पकाने के लिए हैं। इनका व्यावसायिक उपयोग न केवल गैरकानूनी है, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी खतरनाक है। ऐसे मामलों में किसी को बख्शा नहीं जाएगा। निशि अग्रवाल, पूर्ति निरीक्षक प्रशासन की चेतावनी सीतापुर प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि पूरे जिले में घरेलू गैस की कालाबाजारी और गलत इस्तेमाल पर पैनी नजर रखी जा रही है। यदि भविष्य में भी कोई दुकानदार या संस्थान घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते पाया गया, तो सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# हाईवे पर रसूख दिखाना पड़ा भारी, स्टंटबाजों का काटा 60 हजार का चालान



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। बीच सड़क पर रसूख और टशन दिखाने का शौक युवाओं को उस समय महंगा पड़ गया, जब उनके जन्मदिन के जश्न का वीडियो सीधे पुलिस के रडार पर आ गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे पर कारों का काफिला निकालकर स्टंटबाजी करने वाले युवाओं पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए भारी–भरकम जुर्माना ठोका है। जानकारी के मुताबिक, कुछ उत्साही युवाओं ने जन्मदिन मनाने के लिए नेशनल हाईवे को ही अपनी जागीर समझ लिया। दर्जनों कारों के काफिले के साथ निकले इन युवाओं ने न केवल यातायात बाधित किया, बल्कि कारों की खिड़कियों पर लटककर खतरनाक स्टंट भी किए। इस दौरान बीच सड़क पर केक काटा गया और ट्रैफिक नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई गईं। इस स्टंटबाजी की वजह से हाईवे पर चल रहे अन्य राहगीरों की जान भी जोखिम में पड़ गई। खुलेआम कानून का मजाक उड़ाने वाला यह वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। सीतापुर पुलिस तुरंत हरकत में आई। ट्रैफिक पुलिस ने वीडियो फुटेज के आधार पर स्टंट में शामिल गाड़ियों के नंबर ट्रेस किए और पहचान स्थापित की। 60 हजार का लगा श्बर्थडे झटकाश पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए इस मामले में संलिप्त 5 गाड़ियों का चालान किया है। 12,000 कुल जुर्माना राशि 60,000 ष्सार्वजनिक सड़कों पर इस तरह की स्टंटबाजी करना न केवल गैर–कानूनी है, बल्कि यह दूसरों की जान के साथ खिलवाड़ भी है। ऐसे मामलों में पुलिस कतई नरमी नहीं बरतेगी। . फरीद अहमद, यातायात निरीक्षक पुलिस की सख्त चेतावनी पुलिस ने युवाओं को कड़ी चेतावनी दी है कि सार्वजनिक सड़कों पर रील बनाने या जन्मदिन मनाने के नाम पर कानून हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

# स्वामी रामदेव का बड़ा बयान, एपस्टीन फाइल को लेकर दिग्गज हस्तियों पर बरसे

न्यूज वाणी ब्यूरो /मैनपुरी। जनपद में भारतीय शिक्षा बोर्ड (भारतीय संस्.ति आधारित) विद्यालय के भव्य शुभारंभ कार्यक्रम में पहुंचे योग गुरु स्वामी रामदेव ने अंतरराष्ट्रीय मुद्दों और चर्चित एपस्टीन फाइल को लेकर तीखा हमला बोला है। कार्यक्रम के दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए स्वामी जी ने दुनिया के रसूखदार लोगों पर जमकर निशाना साधा स्वामी रामदेव ने स्वामी रामदेव ने वैश्विक स्तर पर चल रहे विवादों और एपस्टीन फाइल का जिक्र करते हुए कहा कि इस फाइल के सार्वजनिक होने से दुनिया के कई बड़े चेहरों की असलियत सामने आ रही है। स्वामी जी ने कहा कि इस विवादित फाइल में दुनिया के कई प्रभावशाली नाम जैसे डोनाल्ड ट्रंप, एलन मस्क और बिल गेट्स जैसी हस्तियों के नाम चर्चा में हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। वैश्विक युद्ध की स्थिति उन्होंने वर्तमान अंतरराष्ट्रीय हालातों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव और युद्ध की स्थितियां मानवता के लिए खतरा हैं। योग गुरु ने जोर देकर कहा कि एक तरफ दुनिया तकनीक और व्यापार में आगे बढ़ रही है। वहीं दूसरी तरफ बड़े पदों पर बैठे लोग एपस्टीन जैसे अनैतिक .त्यों और फाइलों में उलझे हुए हैं। भारतीय संस्.ति ही एकमात्र समाधान है विद्यालय के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि पाश्चात्य संस्.ति के इस नैतिक पतन से बचने के लिए भारतीय संस्.ति और संस्कारों पर आधारित शिक्षा ही एकमात्र रास्ता है। इसी उद्देश्य से भारतीय शिक्षा बोर्ड के माध्यम से नई पीढ़ी को तैयार किया जा रहा है।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्मे वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्मे वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# डीएम ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की ली बैठक



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनपद में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था में सुधार तथा आमजन को सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराने से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, नगर पालिका, एनएचआई, जनपद सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान कर वहां आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कराने, सड़कों पर उचित संकेतक और चेतावनी बोर्ड लगाने, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने तथा अतिक्रमण हटाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाने, स्कूल–कॉलेजों में सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम आयोजित करने तथा हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग को सुनिश्चित कराने पर भी जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है और सभी विभागों को मिलकर काम करना होगा ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और आमजन को सुरक्षित यातायात व्यवस्था उपलब्ध हो सके। वहीं एआरटीओ परिवहन श्याम लाल ने अवगत कराया कि जनपद में 45 से अधिक स्कूली वाहन है जिनकी फिटनेस नहीं है विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य को यह जानकारी दी जाती है कि .पया अभिलंब वाहनों की फिटनेस करा ले। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों को गंभीरता से लागू करने का आश्वासन दिया।

# एक वृहद जिला स्तरीय मॉक अभ्यास का किया आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय आपदा मोचक बल (एन0डी0आर0एफ0) और राज्य आपदा मोचक बल (एस0डी0आर0एफ0) के संयुक्त तत्वाधान में एक वृहद जिला स्तरीय मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया, यह अभ्यास मुख्य रूप से जनपद में भुकम्प जैसी प्रा.तिक आपदा के समय तत्काल राहत और बचाव कार्यों की प्रभावशीलता को परखने के लिए आयोजित किया गया था, मॉकड्रिल के दौरान एक काल्पनिक भुकम्प की स्थिति निर्मित की गयी, जिसके तहत मलवे में दबे लोगों को निकालने, घायलों को त्वरित प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने और आपदा के समय विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल बिठाने का प्रदर्शन किया गया, भुकम्प के साथ–साथ अन्य आकस्मिक परिस्थितियों जैसे अग्निकांड और जल भराव से निपटने के तरीकों का भी प्रदर्शन किया गया, ताकि किसी भी जटिल आपदा में जन धन की हानि को कम किया जा सके, इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राम बदन राम, बीएसए आशीष पाण्डेय सहित जिला आपदा के विशेषज्ञ और हॉमगार्ड के जवान उपस्थित रहें, अभ्यास के समापन पर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा ने सभी विभागों के समन्व्य की सराहना करते हुए कहा कि इस मॉकड्रिल का मुख्य उददेश्य आपदा के समय रिस्पॉन्स टाइम या प्रतिक्रिया समय को कम करना और विभिन्न विभागों के बीच समन्व्य को पुख्ता करना है, भुकम्प जैसी आपदा अनपेक्षित होती है, इसलिए एन0डी0आर0एफ0 और एस0डी0आर0एफ0 के साथ मिलकर किया गया यह अभ्यास हमें वास्तविक संकट के समय जान माल के नुकसान को न्यूनतम करने में मदद करेगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, पुलिस विभाग और एन0डी0आर0एफ0 व एस0डी0आर0एफ0 की टीमों ने मिलकर इस मॉकड्रिल को सम्पन्न किया।



# एक दिवसीय नि:शुल्क वृहद रोजगार मेले का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो/फिरोजाबाद। मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय में पंजी.त बेरोजगार युवाओं, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, राजकीय पॉलिटेक्निक से प्रशिक्षित युवाओं एवं कौशल विकास मिशन प्रशिक्षित युवाओं तथा जनपद के बेरोजगार युवाओं व युवतियों को सेवायोजित कराये जाने के उद्देश्य से 24 मार्च को प्रातः 10.30 बजे, ठा० वीरी सिंह महाविद्यालय, टूण्डला में एक दिवसीय निःशुल्क वृहद् रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लगभग 5000+ अभ्यर्थियों तथा 50+ कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किये जाने की सम्भावना है। उन्होने निर्देशित किया है कि इस रोजगार मेले के सफल क्रियान्वयन हेतु सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों व प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा अपने अपने कार्यों व दायित्वों का निर्वहन नियमतः कराना सुनिश्चित करें।

# परशुराम सेवा समिति की जिला कार्यकारिणी घोषित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति औरैया की एक आवश्यक बैठक की गई जिसमें जिला कमेटी बनाने और कई बिंदुओं को लेकर चर्चा हुई और कार्यकारिणी का गठन किया गया। परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट एवं प्रदेश उपाध्यक्ष केके चतुर्वेदी के आवाहन पर जिलाध्यक्ष पंकज अवस्थी एड. के नेतृत्व में मून लाइट होटल



अवस्थी प्लाजा, यमुना रोड औरैया पर बैठक में औरैया जिला कमेटी की घोषणा की गई जिसमें जिला उपाध्यक्ष मोहित शर्मा एड., जिला महामंत्री अंकित तिवारी, जिला मंत्री जितेंद्र शर्मा एड., जिला संयुक्त मंत्री गौरव द्विवेदी, जिला सचिव सुनील शर्मा, विष्णु चतुर्वेदी, जिला संगठन मंत्री संदीप चतुर्वेदी, जिला कोषाध्यक्ष .ष्ण कांत शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी रोहित अवस्थी बनाये गये स सभी पदाधिकारियों का फूलमाला पहनकर स्वागत सम्मान किया गया और बधाई दी गई एवं आशा व्यक्त की गई कि वह संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। इस मौके पर समिति के संरक्षक अनिल दिक्षित समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

# जनसैलाब ने लिया संकल्प, बुंदेलखंड तो लेकर रहेंगे

## - गांव-गांव, पांव-पांव यात्रा का शहर में विश्राम, अगला चरण मई में चित्रकूट से
## - सफल आयोजन हेतु आयोजन समिति का आभार धन्यवाद व्यक्तकिया

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर निकाली जा रही बुंदेलखंड गांव–गांव, पांव–पांव यात्रा छह मार्च को जिले के जसपुरा से शुरू हुई थी। यात्रा का 10 मार्च को बांदा के रामलीला मैदान में विश्राम हुआ, जबकि इसका अगला चरण मई माह में चित्रकूट से प्रारंभ होगा। सभा में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने आंदोलन के प्रति बढ़ते जनसमर्थन का संकेत दिया। इस अवसर पर बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला, बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय तथा बुंदेलखंड यात्रा संयोजक आश्रय सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए यात्रा के बांदा संयोजक जयराम सिंह और नीरज निगम, राकेश



बाजपेई, धनंजय सिंह, अम्बरीष गर्ग, धीरज राजपूत, रामकेश प्रजापति, प्रदीप मिश्रा, इंदल राजपूत, सुरेंद्र सिंह, रामकरण यादव, फहीम खान, दीपू सिंह, चंद्र पाल सिंह, प्रगति श्रीवास्तव, दुर्गेश सिंह, धर्मेंद्र पटेल, राजू सिंह, दयाराम सोनकर, भानु मिश्रा, संतोष श्रीवास्तव, विवेक सिंह, आर.सी. योगा, संजय लश्करी, दीनदयाल सोनी, भरत बाबू गुप्ता, अजय प्रताप, देव यादव, पुष्पराज सिंह, उदय सिंह, अजय सिंह सहित उनकी पूरी टीम के विशेष योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने कहा कि यात्रा का विश्राम अवश्य हुआ है, लेकिन आंदोलन लगातार चलता रहेगा और गांव–गांव जाकर लोगों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री से बुंदेलखंड के मन की बात सुनने और पृथक बुंदेलखंड राज्य के गठन की मांग की। इसी क्रम में बुन्देलखण्ड राष्ट्र समिति ने प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को आंदोलन का हिस्सा बनाया है। नागरिकों से टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 पर कॉल कर 40–45 सेकंड में बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग दर्ज कराने की अपील की गई है, ताकि बुंदेलखंड की आवाज राष्ट्रीय स्तर तक मजबूती से पहुंच सके।

# खेत में सरसों काट रही महिला से छेड़खानी

## - चैन छीनने व धमकाने का आरोप, एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से एक और मामला प्रकाश में आया है जहां पर पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। खपटिहा चौकी थाना पैलानी क्षेत्र की निवासिनी पीड़िता ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 01 मार्च को 10 बजे दिन में अपने खेत में सरसों काट रही थी कि गाँव का दबंग प्रकाश गुप्ता पुत्र रविराम गुप्ता व् टुन्नू पुत्र रज्जन जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया और अभद्रता करते हुए अश्लील भाषा में गाली गलौज करने लगे पीडिता ने जवाब दिया तो उक्त लोग एक राय होकर बुरी नियत से पकड़ा व गाली गलौज करने लगे प्रकाश गुप्ता ने पीड़िता के गले से चाँदी कि साकार (चैन) झटक लिया और अश्लीलता करने की कोशिश की। प्रकाश गुप्ता बलपूर्वक मर्याद भंग करने कि कोशिश किया और सफल न होने पर जान से मारने कि धमकी दी। मौके में वृद्ध सास व देवरानी आदि लोग चिल्लाये कि बचाओ बचाओ तब गाँव के कुछ लोग आये और पीड़िता को बचाया इसके बाद दबंगो द्वारा सरसों की फसल प्रतिशोध की भावना से कटवा लिया है और




पीड़िता को धमकी दी। इसी प्रकार मेरे छोटे भाई की पत्नी के साथ किया गया था। 14 मार्च को टुन्नू पुत्र रज्जन और गोरे पुत्र रज्जन अपशब्द कहते हुये गाली गलौज करते रहे और छिना झपटी किया गाले का मंगलसूत्र टूट गया। हाँथ पकड़ा जिससे चूड़ी लगने से हाँथ में जख्म हो गये थे। पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। मांग है कि उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए कानूनी कार्रवाई करें।

# जिला विज्ञान क्लब के शैक्षिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने सीखे इंजीनियरिंग के गुर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला



विज्ञान क्लब के तत्वाधान में जिलाधिकारी रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की सहमति जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार के निर्देशन एवं जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में आरबीएस इंजीनियरिंग एंड टेक्निकल कॉलेज, बिचपुरी आगरा का शैक्षिक भ्रमण एवं वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सुमित प्रताप सिंह, प्रतिनिधि कैबिनेट मंत्री पर्यटन एवं संस्:ति विभाग उत्तर प्रदेश, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ गुरुदत्त सिंह द्वारा दोनों बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ डॉ श्रद्धा रानी सिंह, डॉ मोनिका सिंह, डॉ मोहित निगम, डॉ निखिल जैन एवं अश्वनी कुमार जैन ने माँ सरस्वती की प्रतिमा को नमन करके किया। तदुपरांत व्याख्याता विज्ञान संचारक डॉ निखिल जैन ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक शोध प्रयोगशाला एवं भ्रमण कार्यक्रम की विशेषताओं को बताते हुए उन्हें विज्ञान की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विषय में बताया। व्याख्याता विज्ञान संचारक श्रीमती नेहा अग्रवाल आगरा ने वैज्ञानिक शोध की जानकारी प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को सीखने की प्रवृत्ति के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान के नवाचारों के लिए विभिन्न जानकारी साझा की गई। जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वैज्ञानिक शैक्षिक भ्रमण एवं वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न बोर्डों के 15 विद्यालयों के 104 विद्यार्थियों ने अपने 15 शिक्षकों के साथ प्रतिभाग किया। जिसमें विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण के साथ शोध प्रयोगशालाओं की विस्तृत जानकारी में प्रोजेक्ट मॉडल प्रयोगशाला,ई सी प्रयोगशाला, मेकैनिकल प्रयोगशाला, बायोटेक्नोलॉजी प्रयोगशाला, इंटरनेट प्रयोगशाला, कंप्यूटर प्रयोगशाला, पुस्तकालय आदि में विस्तृत जानकारी डॉ मोनिका सिंह द्वारा प्रदान की गई। समापन सत्र में आर बी एस इंजिनीयरिंग एवं टेक्निकल कॉलेज बिचपुरी आगरा के निदेशक प्रोफेसर ब्रजेश कुमार सिंह ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। सभी शिक्षकों एवं प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद की ओर से मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र प्रदान करके सम्मानित भी किया गया। भ्रमण कार्यक्रम में प्रवीन विद्यापीठ के निदेशक दीपक जादौन, विशाल वर्मा, अनिल झा, नारायण सिंह, रहिसुद्दीन, करतार सिंह, प्रदीप सिंह, अशोक शर्मा, अभय सिंह, शुभम,विनय कुमार, अंशुल खंडेलवाल, संजय शर्मा, देशदीपक, श्रीमती नीतू सिंह आदि का सहयोग रहा।

# सीएमओ ने अवैध रूप से संचालित तीन अस्पताल किये सीज

## - मानक विहीन दो अस्पतालों पर नोटिस चस्पा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जनपद में अवैध व मानकविहीन रूप से संचालित निजी अस्पतालों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के नेतृत्व में गठित जांच टीम ने कई अस्पतालों का आकस्मिक निरीक्षण किया, जिसमें गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। इस कार्रवाई से स्वास्थ्य कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। निरीक्षण के दौरान नवभारत हॉस्पिटल, .ष्ण हॉस्पिटल एवं तारा देवी विशेश्वर दयाल अस्पताल में आवश्यक मानकों की कमी, अभिलेखों में त्रुटियां तथा अन्य खामियां पाई गईं। इसके बाद इन अस्पतालों को सीज कर दिया गया है सेवा हॉस्पिटल और मां बिंदा हॉस्पिटल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं न्यू इंडिया हॉस्पिटल निरीक्षण के समय बंद मिला। अस्पताल में ताला लगा पाए जाने पर नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए परिसर पर नोटिस चस्पा कर दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि समय से जवाब नहीं दिया गया और खामियां दूर नहीं की गईं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी द्वारा गठित विशेष टीम में एसडीएम मिहीपुरवा भी शामिल रहे, जिससे अभियान की गंभीरता और प्रशासन की मंशा साफ झलकती है। प्रशासन का कहना है कि मरीजों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे औचक निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे। सीएमओ बहराइच की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद जिले के निजी अस्पताल संचालकों में अफरा–तफरी का माहौल है और कई अस्पताल अपनी व्यवस्थाएं सुधारने में जुट गए हैं। कार्यवाही के दौरान जिन अस्पतालों को सीज किया गया है उनमें भर्ती मरीजों को एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी मिहीपुरवा मे भर्ती करा दिया गया है। सुरक्षा की .ष्टि से मोतीपुर पुलिस भी मौजूद रही।

# पितृ आज्ञा पालन का सर्वोच्च आदर्श है राम वनवास

## - श्रीराम कथा में भावुक हुए श्रद्धालु

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तम उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में रामलीला मैदान ज्वालागंज में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा में राम वनवास के मार्मिक प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा व्यास श्रद्धेय चंदन .ष्ण जी महाराज ने प्रभु श्रीराम के अयोध्या त्याग और वन गमन की कथा सुनाते हुए कहा कि राम वनवास पितृ आज्ञा पालन और धर्म की रक्षा का सर्वोच्च आदर्श है। कथा सुनते समय पंडाल में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। कथा के दौरान बताया गया कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारियां चल रही थीं, तभी दासी मंथरा के उकसाने पर रानी कैकेयी ने राजा दशरथ से अपने दो वरदान मांग लिए पहले वरदान में भरत को राज्य और दूसरे वरदान में राम को 14 वर्ष का वनवास। कथा व्यास ने कहा कि जैसे ही श्रीराम ने देखा कि पिता के वचनों पर संकट आ गया है, उन्होंने बिना किसी विलंब के राजसी सुखों का त्याग कर वन गमन स्वीकार कर लिया। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि धर्म और वचन की रक्षा के लिए



बड़े से बड़ा पद भी त्याग देना ही सच्ची मर्यादा और मानवता है। कथा में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण के वन प्रस्थान का सजीव चित्रण किया गया। अयोध्यावासियों का विलाप और राजा दशरथ की व्याकुलता का वर्णन सुनकर श्रोता भावुक हो उठे। कथा व्यास ने बताया कि राम का वनवास केवल दंड नहीं, बल्कि राक्षसों के संहार तथा शबरी और केवट जैसे भक्तों के उद्धार की ईश्वरीय योजना थी। व्यास पीठ से संदेश दिया गया कि आज के भौतिकवादी युग में जहां संपत्ति के लिए भाई–भाई में विवाद हो जाता है, वहीं राम और भरत का चरित्र त्याग, प्रेम और मर्यादा का प्रतीक है। माता सीता का राम के साथ वन जाना पतिव्रत धर्म की पराकाष्ठा का उदाहरण है। इस दौरान 'वन चले अवध के राम' और 'राम वनवास' जैसे भजनों पर श्रद्धालु भाव–विभोर होकर झूम उठे। कार्यक्रम में महानंद रामलीला कमेटी के महामंत्री रामजी श्रीवास्तव एवं रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन अनुराग श्रीवास्तव ने कथा व्यास चंदन .ष्ण जी महाराज को प्रतीक चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कथा के अंत में संयोजक .ष्ण कुमार तिवारी ने सपरिवार महाआरती की और सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर धनंजय मिश्रा, अनिल महाजन, जय किशन, श्रवण दीक्षित, गंगाशरण करवरिया, अतुल कसेरा, गंगासागर, सोनू शुक्ला, सनी, शिवप्रसाद मामा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पीएमश्री जीजीआईसी में आयोजित हुआ खेलकूद दिवस समारोह कार्यक्रम

## – मुख्य अतिथि के रूप में वीरेश कुमार वित्त एवं लेखाधिकारी रहे

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। गेंदघर के पास स्थित पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कालेज में सोमवार को खेलकूद दिवस समारोह व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को प्रमाण पत्र, मेडल एवं पुरस्कार दिया गया। खेलकूद एवं पुरस्कार विवरण बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वीरेश कुमार वित्त एवं लेखाधिकारी (माध्यमिक) रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नागेंद्र कुमार प्रधानाचार्य जीआईसी बहराइच, डॉक्टर अमित कुमार पांडे प्रधानाचार्य जीआईसी रमपुरवा बहराइच उपस्थित रहे। सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित व सरस्वती वन्दना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उक्त विद्यालय की प्रधानाचार्या मधु यादव (पीईएस) ने छात्राओं को खेलकूद से सम्बन्धित विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तृत एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की। बदलते हुए समय की चुनौतियों के अनुरूप सही दिशा चुनने के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया और छात्राओं को अपनी इच्छानुरूप एवं योग्यता के आधार पर लक्ष्य हेतु प्रेरित किया गया। छात्राओं के विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताएं दौड़ प्रतियोगिता, जैवलिन थ्रो, कबड्डी खो–खो विभिन्न प्रकार के खेल इसके साथ ही नृत्य प्रतियोगिता गायन प्रतियोगिता निबंध कला आदि प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई तथा प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कार दिया गया। उक्त कार्यक्रम मे क्रीड़ा प्रभारी प्रवक्ता पीएमश्री जीजीआईसी मीनाक्षी सिंह, प्रतिमा कुमारी, शाइस्ता खान, वरिष्ठ लिपिक अभिषेक साहू समस्त शिक्षकाएं व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में नवनिर्मित गीता ज्ञान भवन का उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कटरा की ओर से आदर्श नगर में नवनिर्मित गीता ज्ञान भवन का उद्घाटन यूपी जोनल इंचार्ज राजयोगिनी बीके दुलारी दादी जी माउंट आबू से पधारे बी के राजयोगी जगदीश भाई के कर कमलो द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य अतिथि चेयरमैन मालती वासू रहीं। इस कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना कर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्:तिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सभी का मनमोह लिया। सभी ने नवनिर्मित भवन के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की बोला यहीं से नवयुग का निर्माण व सुख शांति संपन्न जीवन का दिशा निर्देश मिलेगा। ब्रह्माकुमारी नैतिक मूल्यों व चरित्र उत्थान पर बल देता है। सभी को कुछ समय निकालकर मेडिटेशन अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद व ईश्वरीय सौगात दी गई दूर दराज के सभी भाई बहन उपस्थित रहे।

# किडजी इंदिरा नगर में वार्षिकोत्सव हुआ सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। इंदिरा नगर में स्थिति किडजी प्री स्कूल में वार्षिकोत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह स्कूल शहर में नये कीर्तिमान स्थापित करने में लगातार सफल हो रहा है। छोटे–छोटे बच्चों के कार्यक्रम ने अभिभावकों, प्रमुख अतिथियों व अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का प्रारम्भ सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम के रूप में सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत, जुबी–जुबी, दिल है छोटा सा, रुकना ना तू बंदिया, स्कूल चले हम, सपने रे सपने, हनुमान चालीसा का कार्यक्रम कराया गया। इसी के साथ विराट कवि सम्मेलन किया जिसमें दीन दयाल सोनी, अनिल द्विवेदी, डॉ. चंद्रिका प्रसाद दीक्षित, प्रकाश, राजेश, चन्द्र प्रकाश, श्रीमती प्रभा, श्रीमती रीता गुप्ता, मिथलेश, स्वदेश, गोपाल उपस्थिति रहें। स्कूल के प्रबन्धक सौरभ चन्द्र गुप्ता तथा प्रधानाचार्य शालिनी गुप्ता ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वार्षिक उत्सव में प्रमुख अतिथि प्रकाश द्विवेदी सदर विधायक ने बच्चों को आशीर्वाद दिया तथा अतिथि के रूप में मालती बासू नगर पालिका अध्यक्ष, अंकित बासू, रजत सेठ, उमाशंकर पाण्डेय पद्मश्री से सम्मानित, विजय गुप्ता, विमल सिंह सभासद रामनरायण तिवारी अशोक त्रिपाठी जीतू, अमित सेठ भोलू, समाजसेवी सुनील सक्सेना आदि शहर की विशिष्ट हस्तियों ने बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया।

# दो बाइकों की टक्कर के बाद अज्ञात वाहन ने वृद्ध को कुचला, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। सीतापुर–बहराइच मार्ग पर दो बाइकों की आमने–सामने हुई जोरदार भिड़ंत के बाद सड़क पर गिरे एक बाइक सवार को पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसे में वृद्ध की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार, रेउसा थाना क्षेत्र के निवासी झुर्री लाल (55) पुत्र रंगी लाल देर रात जिला मुख्यालय से अपनी बाइक द्वारा घर लौट रहे थे। इसी दौरान मार्ग पर सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर उमाशंकर पुत्र



मेवालाल और सरोज पुत्र राजाराम सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि झुर्री लाल उछलकर सड़क के बीचों–बीच जा गिरे। इससे पहले कि वह संभल पाते, पीछे से आ रहे एक तेज रतार अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। इस हृदयविदारक घटना में झुर्री लाल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मौके पर मची अफरा–तफरी, पुलिस ने संभाला मोर्चा हादसे के बाद घटनास्थल पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई और अफरा–तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए शव को कब्जे में लिया। मृतक झुर्री लाल (55 वर्ष) घायल उमाशंकर और सरोज (दोनों का उपचार जारी) शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक हनुमंत तिवारी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जौनई में किसान ज्ञान मेला आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उप .षि निदेशक (शोध) आरएन सिंह ने जानकारी दी कि .षि निदेशालय (शोध एवं मृदा सर्वेक्षण अनुभाग) .षि भवन, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में सम्भागीय .षि परीक्षण एवं प्रदर्शन केंद्र इटावा के .षि शोध प्रक्षेत्र जौनई (जसवंतनगर) में 17 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे से एक दिवसीय किसान ज्ञान मेला एवं . षक गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान .षि विभाग तथा .षि से संबंधित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी, जिसमें किसानों को उन्नत .षि तकनीकों और नवीनतम जानकारी से अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में इटावा सदर की विधायक सरिता भदौरिया प्रतिभाग करेंगी। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी अपने–अपने अनुभाग से संबंधित स्टॉल एवं मॉडल लगाकर किसानों को आधुनिक खेती के बारे में जानकारी देंगे। साथ ही विशेषज्ञों द्वारा किसानों को नई .षि तकनीकों और योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया जाएगा

# एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का उत्साहपूर्वक समापन

## – छात्रों ने ग्रामीण समस्याओं पर रखे विचार, स्वच्छता व जागरूकता पर दिया जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट–5 के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम अधिकारी इंजी. दिलीप कुमार वर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान चलाया। समापन अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। समापन समारोह में मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय एवं शोध केंद्र तथा दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय



के अधिष्ठाता डॉ. अजीत सिंह और .षि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. देवेंद्र सिंह ने कार्यक्रम अधिकारी ई. दिलीप कुमार वर्मा सहित सभी छात्र–छात्राओं को शिविर के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस दौरान अधिष्ठाताओं ने स्वयंसेवकों से सात दिनों के अनुभव साझा करने और गांवों में देखी गई समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। छात्रों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता तथा तकनीकी जानकारी की कमी जैसी कई चुनौतियां सामने आईं। अधिष्ठाताओं ने विद्यार्थियों को समाज सेवा की भावना बनाए रखने और ग्रामीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. आशीष कुमार, डॉ. के.के. पटेल, डॉ. पवन कुमार यादव, बादल यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं रिया सिंह, भूमि, श्रेया पांडेय, मानसी सचान, निधि, विनायक, अखिल, अभिषेक, सिंकल, सौरभ कुमार, टिंकू कुमार एवं नितेश कुमार सहित अनेक छात्र–छात्राओं ने शिविर में सक्रिय सहभागिता निभाई।

# सर्व समाज अधिवक्ता व व्यवस्था परिवर्तन गुट ने डीबीए चुनाव की भरी हुंकार

## – अध्यक्ष पद पर बाबू सिंह व महामंत्री पर शाहजहां बने प्रत्याशी



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सर्व समाज अधिवक्ता संगठन एवं व्यवस्था परिवर्तन अधिवक्ता संगठन की ओर से डिस्टिक बार एसोसिएशन के चुनाव में प्रत्याशियों के नामो की दावेदारी पेश की। अध्यक्ष पद समेत अन्य पदों पर दोनों संगठनों की से संयुक्त रूप से चुनाव लड़ने वाले दावेदारों के नामो की घोषणा की गई। सोमवार को दीवानी परिसर स्थित डिस्ट्रिक बार हाल में संगठन के पदाधिकारियों एव अधिवक्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें डिस्ट्रिक बार चुनाव में दोनों स्मगठनों की ओर से सर्वसम्मति से नामों की घोषणा की गयी। अध्यक्ष पद के लिए बाबू सिंह एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर शशिकान्त वर्मा, सचिव/महामंत्री मो शाहजहां एडवोकेट, कोषाध्यक्ष पर विनोद कुमार पासवान एवं उपाध्यक्ष पर .ष्ण कुमार, देव नारायण तिवारी एडवोकेट, कनिष्क उपाध्यक्ष .ष्ण पाल, कमलाकांत संयुक्त सचिव में प्रकाश सिंह लोधी, अंकित दीक्षित, बौद्ध प्रिय गौतम के नाम की घोषणा की गयी। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगनायक सिंह यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता वसीम अंसारी, वीरेंद्र यादव, कमरुद्दीन, सुरेश चक, शैलेश पटेल, ब्रजेश चंद बाजपेयी, आसिफ़ मकसूद, प्रेम कुमार, नरोत्तम सिंह आदि रहे।

# पीड़ित शिक्षकों की बैठक आज होगी

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी से जुड़े विद्यालयों के पीड़ित शिक्षकों की अत्यावश्यक बैठक 17 मार्च दिन मंगलवार को अपराह्न 03 बजे से शिविर कार्यालय चौहान भवन 52 न्यू कॉलोनी चौगुर्जी पर बुलाई गई हैं जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की रीति नीति, पीड़ित शिक्षकों के ज्वलंत गम्भीर प्रकरणों के निस्तारण एवं वित्तीय बजट सत्र में शिक्षकों की लम्बे अरसे से रुकी वेतन वृद्धि दिलाये जाने और उनसे जुड़े अन्य लम्बित विषयों के निस्तारण हेतु प्रांतीय नेतृत्व द्वारा विधान परिषद में नियम 105 के अन्तर्गत उठाये गये प्रश्न की जानकारी तथा इस सम्बन्ध में विभाग द्वारा अभी तक लिए गए निर्णय की जानकारी भी शिक्षकों को दी जानी हैं। साथ ही जिला संगठन द्वारा शिक्षकों के हितों को देखते हुए संघर्ष, आन्दोलन की रूपरेखा भी निध ारित की जानी है। यह जानकारी जिला मंत्री मनोज कुमार त्रिपाठी एवं जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से देते हुए शिक्षक साथियों एवं बहनों से समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# एसएसपी ने जनसुनवाई में सुनी फरियादियों की समस्याएं

## – शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। पुलिस कार्यालय में आयोजित नियमित जनसुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी–अपनी शिकायतें और प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए आवेदकों को न्यायोचित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान संबंधित राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों से वार्ता कर प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का तत्परता और पारदर्शिता के साथ निस्तारण करना पुलिस की प्राथमिकता है।

# जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट प्रोग्राम की तैयारियां पूरी

## – डा. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय में आज होगा आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनपद स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट प्रोग्राम 2026 का आयोजन कल (आज) प्रातः दस बजे से संपन्न होगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार यादव के संरक्षण में यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना व माय भारत फतेहपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। जिले की राष्ट्रीय सेवा योजना नोडल अधिकारी प्रोफेसर लक्ष्मीना भारती ने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए जनपद के कुल 80 विद्यार्थियों ने माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव सम्मिलित होंगे। विशिष्ट अतिथि व निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में राजकीय महाविद्यालय बहुआ के प्राचार्य डॉ रामकुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रशांत साहू, प्रोफेसर राजनीति विज्ञान महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय डॉ अशोक कुमार, रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डा. अनुराग श्रीवास्तव को आमंत्रित किया गया है। विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट प्रोग्राम में सम्मिलित हो रहे विद्यार्थियों को आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर तीन मिनट में अपनी बात रखनी है। जनपद से इस कार्यक्रम में पांच उत.ष्ट प्रतिभागियों को चयनित कर राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विधानसभा लखनऊ में प्रतिभाग के लिए भेजा जाएगा।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

## – साइबर अपराध व नए कानूनों की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना इकदिल पुलिस व मिशन शक्ति टीम ने क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को एकत्रित कर उन्हें महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव तथा नए



आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचने के उपाय, ऑनलाइन धोखाधड़ी से सावधान रहने, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लेने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 1098, 1930 और 1076 के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि आवश्यकता पड़ने पर इन सेवाओं का तुरंत उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई और उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इटावा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जा रहे हैं।

# रेलवे पेंशनर्स की समस्याओं का शीघ्र होगा निस्तारण

## – रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में हुआ विचार–विमर्श

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। रेलवे पेंषनर एसोसिएषन की एक बैठक सिविल लाइन षाखा कार्यालय में आयोजित हुई। जिसमें इंडियन बैंक के मुख्य षाखा प्रबंधक नीरजकांत अपने सहयोगी सौरभ के साथ आए। उन्होने पेंषनरों को आष्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का समाधान त्वरित करने का प्रयास किया जाएगा। स्थानीय स्तर पर



पेंषनरों में मुख्य रूप से मैनुअल पास मिलने में आ रही परेषानी के साथ–साथ स्थानीय रेलवे अस्पताल में दवा के अभाव में पेंषनरों को प्राइवेट इलाज के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। इसके अलावा सभी समस्याओं को प्रयागराज से आए जोनल अध यक्ष, जोनल महामंत्री, मण्डल अध्यक्ष, मण्डल मंत्री, मण्डल कोशाध यक्ष, सहायक मण्डल मंत्री के संज्ञान में लाया गया। जिस पर आष्वस्त करते हुए बताया कि अधिकारियों से चर्चा कर इसका निदान षीघ्र करवाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता षाखा अध्यक्ष मूलचन्द्र द्विवेदी ने की। इस मौके पर प्रदेष अध्यक्ष कालीषंकर श्रीवास्तव, प्रयागराज के हिंदलाल सिंगरौर, आरएन सिंह, बृजेष कुमार, राजकुमार त्रिपाठी, मदनलाल, मदन मोहन दोहरे, जेपी सिंह, राकेष अग्निहोत्री, जेके सिंह परिहार, करूण सिंह यादव, छेदीलाल, बृजेन्द्र पाल आदि मौजूद रहे।

# कृषि भवन में कल होगा किसान दिवस

## - किसानों की समस्याओं का मौके पर होगा समाधान

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। उप .षि निदेशक आर.एन. सिंह ने जानकारी दी कि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के परिपत्र में जारी निर्देशों तथा जिलाधिकारी के अनुमोदन के अनुपालन में माह मार्च का किसान दिवस आयोजित किया जाएगा। किसान दिवस का आयोजन माह के तृतीय बुधवार 18 मार्च को .षि भवन के सभागार में प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम में .षि एवं कृषि से जुड़े सभी विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम के दौरान किसान अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे। जिनका यथासंभव मौके पर ही समाधान किया जाएगा। किसान दिवस का उद्देश्य किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निस्तारण करना तथा उन्हें .षि से संबंधित योजनाओं और नई तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराना है।

# पुलिस की सुस्ती के खिलाफ गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक का हल्लाबोल

## - अपहत छात्रा की बरामदगी के लिए दिया चार दिन का अल्टीमेटम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मड़रांव में पिछले दो महीनों से लापता नाबालिग छात्रा की बरामदगी न होने पर गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक ने कड़ा रुख अपनाया। संगठन की अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिजनों के साथ क्षेत्राधिकारी बिंदकी व कोतवाल से मुलाकात कर वार्ता की। पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। बताते चलें कि 15 जनवरी को मड़रांव ग्राम की 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा कोचिंग पढ़ने गई थी। रास्ते में मोटरसाइकिल सवार नामजद अभियुक्तों ने उसका अपहरण कर लिया था। घटना के संबंध में 21 जनवरी को धारा 137(2) और 352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस के अब तक खाली हाथ है। परिजनों को आशंका है कि आरोपियों ने उनकी बेटी को बेंच दिया है या उसके साथ कोई अनहोनी कर दी है। हेमलता पटेल ने पुलिस की ढीली कार्रवाई और भ्रष्टाचार के संदेह पर आक्रोश व्यक्त किया। मांग किया कि अपहृत नाबालिग बच्ची की तत्काल और सुरक्षित बरामदगी की जाए, नामजद आरोपियों की अविलंब गिरतारी और सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए, मामले में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों की जवाबदेही तय की जाए। हेमलता पटेल ने पुलिस प्रशासन को चार दिन का अल्टीमेटम दिया। यदि छात्रा की बरामदगी न हुई तो गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक बिंदकी कोतवाली का घेराव कर वृहद आंदोलन करने को बाध्य होगा। पीड़ित परिवार को न्याय मिलने तक संगठन ने अपने संघर्ष को जारी रखने का संकल्प दोहराया है।



## अदालती नोटिस

समन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दालेह मुतवफी
(आर्डर 22 कायदा 4)
न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) कोर्ट सं0 1, जनपद फतेहपुर
नं0 मु0– 226
सन् 1995 ई०

रामकुमार उम्र करीब 45 वर्ष पुत्र श्री घूरू निवासी रामपुर पचभीटा, परगना व तहसील व जिला फतेहपुर। स्वर्गवासी दिनांक–11.04.2017

1/1. शिवगोपाल उम्र करीब 40 साल 1/2. किशनपाल उम्र करीब 36 साल

1/3. रोहित कुमार उम्र करीब 24 साल पुत्रगण स्व0 रामकुमार

1/4. पुष्पा देवी उम्र करीब 20 वर्ष 1/5. आशा देवी उम्र करीब 33 वर्ष पुत्रीगण स्व0 रामकुमार समस्त निवासीगण ग्राम रामपुर पचभीटा व तहसील व जिला फतेहपुर।

1/6. ज्ञाना देवी उम्र करीब 30 वर्ष पुत्री स्व0 रामकुमार पत्नी शैलेन्द्र कुमार निवासिनी ग्राम बहरामपुर, परगना हसवॉ, तहसील व जिला फतेहपुर।

1/7. कुसुमा देवी उम्र करीब 27 वर्ष पुत्री स्व0 रामकुमार पत्नी फूलकुमार निवासिनी ग्राम बाबा का पुरवा, परगना, तहसील व जिला फतेहपुर।

बनाम

1.रामरतन उम्र करीब 60 वर्ष पुत्र बंशी निवासी ग्राम रामपुर पचभीटा, परगना व तहसील व जिला फतेहपुर। मृत्यु

1/1. सुन्दरा देवी कोरी उम्र लगभग 55 साल पत्नी स्व0 रामरतन

1/2. श्रीमती सीमादुलारी कोरी उम्र लगभग 30 साल पुत्री स्व0 रामरतन निवासीगण ग्राम रामपुर पचभीटा, परगना व तहसील व जिला फतेहपुर।

1/3. फूलमती कोरी उम्र लगभग 38 साल पुत्री स्व0 रामरतन पत्नी किशन निवासिनी ग्राम बरौंहा, परगना गाजीपुर पोस्ट चकस्करन तहसील जिला फतेहपुर।

1/4. श्रीमती कलावती कोरी उम्र करीब 36 वर्ष पुत्री स्व0 रामरतन पत्नी राम केशन निवासिनी ग्राम शाह परगना अयाहशाह, तहसील व जिला फतेहपुर।

1/5. श्रीमती राजरानी कोरी उम्र करीब 34 वर्ष पुत्री स्व0 रामरतन पत्नी रामखेलावन निवासी ग्राम करबिगवां, परगना सरसौल, पोस्ट नरवल जिला कानपुर नगर।

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 25 माह 03 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख माह सन् ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम
न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) कोर्ट सं0 1
जनपद फतेहपुर

## अदालती नोटिस

समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
ब अदालत सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर
नं0 मु0– 787
सन् 2024 ई०

कृष्ण औतार उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र स्व0 सुरजा निवासी ग्राम व डाकखाना कापिल परगना कोड़ा तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।

..........वादी

....बनाम..........

1.विजयपाल उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र स्व0 सुरजा

2.रूकमिनिया उम्र लगभग 85 वर्ष विधवा स्व0 सुरजा फातरूल अक्ल द्वारा संरक्षक विजयपाल उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र स्व0 सुरजा प्रतिवादी संख्या 1 निवासीगण ग्राम व डाकखाना कापिल परगना कोड़ा तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।

........प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 23 माह 03 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख माह सन् ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम
ब अदालत सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर।

## अदालती नोटिस

समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
ब अदालत सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर
नं0 मु0– 788
सन् 2024 ई०

कृष्ण औतार उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र स्व0 सुरजा निवासी ग्राम व डाकखाना कापिल परगना कोड़ा तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।

..........वादी

....बनाम..........

1.विजयपाल उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र स्व0 सुरजा

2.रूकमिनिया उम्र लगभग 85 वर्ष विधवा स्व0 सुरजा फातरूल अक्ल द्वारा संरक्षक विजयपाल उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र स्व0 सुरजा प्रतिवादी संख्या 1 निवासीगण ग्राम व डाकखाना कापिल परगना कोड़ा तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।

........प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 23 माह 03 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख माह सन् ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम
ब अदालत सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर।

## नीलामी नोटिस

नोटिस नीलामी जनपद न्यायालय, फतेहपुर।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026–27 (नीलामी के दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027) के लिए खान पान (कैण्टीन), साइकिल स्टैण्ड, तम्बाकू रहित पान की दूकान व फल की दूकान के ठेका की नीलामी उपरोक्त अवधि हेतु दीवानी न्यायालय परिसर में दिनांक 18.03.2026 को दिन में 02.00 बजे से 04.00 बजे के मध्य (वित्तीय) नीलामी समिति के अध्यक्ष व सदस्य गण की उपस्थिति में जनपद न्यायालय फतेहपुर के परिसर में की जायेगी जो लोग बोली में भाग लेना चाहे निध ारित शर्तो की जानकारी हेतु निर्धारित समय के एक दिन पूर्व तक नजारत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

1–नीलामी के समय बोली बोलने वाले को बोली बोलने से पूर्व काशन मनी के रूप में प्रभारी वित्तीय समिति द्वारा निध ारित धनराशि नगद जमा करनी होगी तथा बोली स्वीकार होने के पश्चात बोली का 25 प्रतिशत जमानत की धनराशि के रूप में नगद जमा किया जायेगा।

2–प्रत्येक त्रैमासिक अन्तराल पर अर्थात अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर व जनवरी के प्रथम सप्ताह में त्रैमासिक किश्त के रूप में जमा की जायेगी।

3–यह कि जिस व्यक्ति की नीलामी स्वीकृत होगी उसे सभी शर्तो के अनुरूप अनुबन्ध प्रपत्र व व्यक्तिगत बंधपत्र देने होगें जो जनपद न्यायाधीश, फतेहपुर व ठेकेदार के मध्य होगें।

4–यह कि साइकिल स्टैण्ड के लिए स्थान निर्धारित है, इस हेतु मान्नीय जनपद न्यायाधीश, फतेहपुर द्वारा अनुमति प्रदान की जायेगी।

5–यह कि जनपद न्यायाध ीश, फतेहपुर बिना कारण बताये अधिक बोली को स्वीकार न करने के अधिकारी होगें।

अध्यक्ष,
वित्तीय समिति/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जनपद न्यायालय, फतेहपुर।







## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

गाड़ी संख्या 01073/01074 लोकमान्य तिलक (ट.)-बनारस-लोकमान्य तिलक (ट. (द्वि.-साप्ताहिक) विशेष रेलगाड़ी

| 01073 लोकमान्य तिलक (ट.)-बनारस | | | 01074 बनारस-लोकमान्य तिलक (ट.) | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 12:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | -- |
| 10:25 | 10:30 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 17:25 | 17:30 |
| 11:58 | 12:00 | उरई | 15:20 | 15:22 |
| 14:40 | 14:45 | गोविन्दपुरी | 13:30 | 13:35 |
| 16:18 | 16:20 | फतेहपुर | 11:58 | 12:00 |
| 17:50 | 17:55 | सूबेदारगंज | 09:40 | 09:45 |
| 23:30 | -- | बनारस | -- | 05:30 |

●**लोकमान्य तिलक (ट.) से** गाड़ी संख्या 01073, **दिनांकः** 01.04.2026 से 09.04.2026 (बुधवार, गुरूवार) ●**बनारस से** गाड़ी संख्या 01074, **दिनांकः** 03.04.2026 से 11.04.2026 (शुक्रवार, शनिवार) **ग्रीष्मकालीन विशेषः-** ● **लोकमान्य तिलक (ट.) से** गाड़ी संख्या 01073, **दिनांकः** 15.04.2026 से 30.04.2026 (बुधवार, गुरूवार) ●**बनारस से** गाड़ी संख्या 01074, **दिनांकः** 17.04.2026 से 02.05.2026 (शुक्रवार, शनिवार)। **गाड़ी संरचना :** स्लीपर श्रेणी-09, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01, सामान्य श्रेणी-04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-06

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile Aap या वेबसाईट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 591/26(MG)

# ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत, दूसरा घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम छेदीपुर के समीप रविवार की दोपहर अनियंत्रित होकर सरिया लदा ट्रैक्टर पलट जाने से 32 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दूसरा घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बुधरामऊ गांव निवासी स्व0 ष्यामलाल चौरसिया का पुत्र सुरेन्द्र कुमार चौरसिया अपने साथी राजेन्द्र के साथ ट्रैक्टर से सरिया लादकर छेदीपुर आ रहा था। तभी अचानक गांव के समीप ही ट्रैक्टर पलट गया। जिससे सुरेन्द्र की मौके पर मौत हो गई वहीं राजेन्द्र घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के जीजा अतुल कुमार चौरसिया ने दी है।

# मामूली विवाद में भाई-बहन को पीटा, भर्ती

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम विनोवा नगर में मामूली विवाद को लेकर दबंगों ने भाई–बहन को लाठी–डण्डों से पीट–पीटकर घायल कर दिया। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के विनोवा नगर निवासी रमेष की 17 वर्षीय पुत्री मुस्कान व पुत्र आषू 15 वर्श को गांव के ही रोलू पुत्र रामकरन, रामकरन पुत्र स्व0 बाबूलाल, षिषु पुत्र प्रताप, मुन्नी देवी पत्नी प्रताप एवं गुड़िया पत्नी रामकरन ने मामूली विवाद को लेकर घर के अंदर घुसकर लाठी–डण्डा व लात–घूसों से पीट–पीटकर घायल कर दिया जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान घायल मुस्कान के भाई राजू ने बताया कि कल षाम उसकी बहन भाई आ रहे थे। इसी बीच मामूली खुन्नस को लेकर सभी ने उसे मारापीटा है। थाने में जब तहरीर दी तो पुलिस ने मात्र दो ही लोगों को तहरीर में नाम देकर बाकी लोगों को छोड़ दिया।

# डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**– चक्की नाका ओवर ब्रिज पर हुआ हादसा, साथी घायल**

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम चक्की नाका ओवर ब्रिज के समीप अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे मौके पर 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई वहीं साथी घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के सिकठनपुर गांव निवासी बृजेष कुमार साहिल अपने साथी आर्यन विष्वकर्मा पुत्र मुन्नालाल 23 वर्श के साथ बाइक से षहर दवाई लेने जा रहे थे। जैसे ही ये लोग मलवां थाना क्षेत्र के चक्की नाका ओवर ब्रिज के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई जिससे साहिल की घटनास्थल पर मौत हो गई वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# सूने घर में किशोरी ने फांसी लगा दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम षिवपुरी में सोमवार की सुबह 15 वर्षीय किषोरी ने उस वक्त घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब घर के सभी लोग खेतों में काम करने चले गए थे। जानकारी के अनुसार षिवपुरी गांव निवासी सुंदरलाल की पुत्री बुद्धरानी ने सोमवार की सुबह लगभग आठ बजे उस समय फांसी लगा लिया जब घर के लोग अपने–अपने कामों पर चले गए थे। जबकि मां दूसरे घर में मजदूरी के लिए गई थी। इसी बीच मौका पाकर किषोरी ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इसकी जानकारी जब गांव के लोगों को हुई तो परिजनों को सूचना दिया। जिस पर रोते–बिखलते परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना पर पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अलमान पुत्र स्व० सिद्दीकी अहमद, निवासीगण– ग्राम बकन्धा, पोस्ट कोराई, जिला– फतेहपुर, जो कि भूमि खाता सं0–465/1.0520 हेक्टेयर, जिसमें राजस्व ग्राम– बकन्धा, परगना व तहसील व जिला– फतेहपुर में स्थित है व श्रीमती आशमा बेगम पत्नी स्व० सिद्दीकी अहमद व अल्फिया (नाबालिग), अल्बिया (नाबालिग) व आफिया (नाबालिग) के साथ बतौर सहखातेदार हैं। उपरोक्त अलमान पुत्र स्व० सिद्दीकी अहमद अपने बकदर भाग में से भूमि गाटा सं0–465/1.0520 हेक्टेयर में से रकबा–1125 वर्ग फीट, जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है– पूर्वः 6 मीटर रास्ता पश्चिमः प्लॉट मुकीर उत्तरः प्लॉट मुकीर दक्षिणः प्लॉट मुकीर उक्त भूमि को श्रीमती रीता पत्नी रामचंद्र व उपरोक्त गाटे में से –1125 वर्ग फीट भूमि, जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है– पूर्वः प्लॉट मुकीर पश्चिमः कच्चा रास्ता 6 मीटर उत्तरः प्लॉट मुकीर दक्षिणः प्लॉट मुकीर का विक्रय श्री प्रशांत शुक्ला पुत्र किशोर को विक्रय कर रहें। उपरोक्त गाटे में से रकबा में से भूमि गाटा सं0–465/1.0520 हेक्टेयर में से रकबा–1125 वर्ग फीट, जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है– पूर्वः प्लॉट मुकीर पश्चिमः 06 मीटर रास्ता उत्तरः प्लॉट मुकीर दक्षिणः प्लॉट मुकीर का विक्रय श्रीमती राजकुमारी पत्नी लाल सिंह के नाम विक्रय किया जा रहा है। उपरोक्त भूखण्ड आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, शाखा फतेहपुर में श्रीमती रीता पत्नी रामचंद व श्री प्रशांत शुक्ला पुत्र किशोर व श्रीमती राज कुमारी पत्नी लाल सिंह द्वारा बंधक किया जा रहा है। यदि उपरोक्त भूमि के सहखातेदारों या किसी अन्य व्यक्ति, संस्था अथवा सर्वसाधारण को क्रय–विक्रय या बंधक के संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिनों के अंदर नीचे दिए गए पते पर अपनी आपत्ति दर्ज कराएं। अन्यथा निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। आपत्ति हेतु संपर्क करें संजीव कुमार शुक्ला, एडवोकेट एस लीगल एसोसिएट्स, केनरा बैंक के ऊपर, सुपर मार्केट, रायबरेली (उ० प्र०) मोबाइलः 9415190904

# तहसीलदार पर व्यापारियों को उजाड़ने का आरोप

## - नउव्राबाग में टूटी पुलिया का निर्माण कराए जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने सदर



तहसीलदार पर व्यापारियों को उजाड़ने का आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें टूटी पुलिया का षीघ्र निर्माण किए जाने की मांग की। व्यापार मंडल के अध्यक्ष बृजेष सोनी की अगुवई में जिलाधिकारी को दिए गए षिकायती पत्र में बताया कि जहां एक ओर प्रदेश सरकार व्यापारी हितों के लिए कटिबद्ध है और उनको स्थापित करने के लिए पुरजोर प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी ओर अधीनस्थ तहसीलदार सदर व्यापारियों को उजाड़ने का कार्य कर रहे हैं। प्रदेश सरकार की मंशा पर पानी फेरने का कार्य कर रहे हैं। प्रदेश सरकार की मंशा पर पानी फेरने का कार्य कर रहे है। विगत दिवस तहसीलदार सदर द्वारा बिना कोई पूर्व सूचना दिए अनुचित कारणों से मात्र उक्त पुलिया को तोड़ दिया गया। जिससे लगभग 100 व्यापारियों के आगे परिवार चलाने की और पेट पालने की भीषण समस्या उत्पन्न हो गई है। पुलिया टूटने से मुख्य मार्ग अवरुद्ध हो गया है, सबसे बड़ी बात तो यह हुई कि पूर्ण रूप से भेदभाव अपनाया और अगल–बगल की कोई दूसरी पुलिया भी नहीं दिखी, जिसको तोड़ा हो। मांग किया कि व्यापारी हितों को देखते हुए पुलिया निर्माण कराने या अतिशीघ्र किया जाए। जिससे व्यापारियों का व्यापार सुचारू रूप से चल सके। ज्ञापन देने वालों में बृजेष सोनी, विनोद कुमार गुप्ता, संजय गुप्ता, धीरज बाल्मीकि, मो. आसिफ एडवोकेट, रज्जन गुप्ता, मधु गुप्ता, विनोद सिंह चंदेल, हिमांशु श्रीवास्तव, संजय सिंह जौहरी, मो. मुकीम, जितेंद्र मौर्य, रेहान, राजेंद्र प्रसाद, विनीत आदि लोग रहे।

# आईटीआई में कल आयोजित होगा वृहद रोजगार मेला

## - एडीएम ने कार्यकारिणी समिति की बैठक लेकर दिए दिशा-निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। कलक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुनील कुमार की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन की जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें 18 मार्च को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित होने वाले एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला के आयोजन एवं प्रचार–प्रसार, कार्य संपादन की पूर्ण रूपरेखा पर विस्तृत परिचर्चा की गयी। संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एडीएम ने कहा कि रोजगार मेले के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों



का संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करते हुए रोज़गार मेले को सफल बनाएं। साथ ही सभी तैयारियां पहले से पूर्ण कर ली जायें ताकि अभ्यर्थियों को कोई समस्या न हो। ग्राम पंचायत स्तर तक मेले का व्यापक प्रचार–प्रसार विभिन्न माध्यमों से किया जाये। जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आयोजित वृहद रोजगार मेला के विस्तृत प्रचार–प्रसार करने हेतु अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रचार रथ रवाना किया गया। इस मौके पर अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र, सहायक श्रमायुक्त, प्रधानाचार्य आईटीआई, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन, प्रबंधक लीड बैंक, उपायुक्त एनआरएलएम एवं सीके सिंह, सहायक निदेशक सेवायोजन आदि उपस्थित रहे।

# जुगाड़ू रास्ते पर पलटा ओवरलोड बालू डंपर

## - कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका

न्यूज वाणी ब्यूरो
खागा, फतेहपुर। किशनपुर कस्बे में ओवरलोड मोरम ढोने वाले डंपरों की आवाजाही लगातार हादसों को



न्योता दे रही है। ताजा मामला चरका–मरका खंड की मोरम खदान से जुड़ा है, जहां से ओवरलोड मोरम लेकर आ रहा एक डंपर कस्बे के नागा बाबा कुटी के पास सोमवार को पलट गया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए रास्ते पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया। हालांकि गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई, लेकिन आसपास मौजूद लोगों में डर और नाराजगी साफ देखी गई। जिलाध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, देवेंद्र, निरंजन, रामू आदि लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा भारी वाहनों के लिए कुछ मार्गों पर रोक लगाई गई है, इसके बावजूद मोरम से लदे डंपर वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल कर लगातार निकल रहे हैं। इन डंपरों में क्षमता से कहीं अधिक मोरम भरी जाती है, जिससे वाहन असंतुलित होकर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार बीते दिनों भी इसी इलाके में मोरम लदा एक ट्रैक्टर पलट गया था, लेकिन उस घटना के बाद भी जिम्मेदार विभागों की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का आरोप है कि प्रशासन और संबंधित विभाग कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति करते हैं। ओवरलोडिंग पर प्रभावी रोक नहीं लग पाने से क्षेत्र में लगातार खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सख्त कदम नहीं उठाए गए तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और वैकल्पिक रास्तों से भारी वाहनों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक लगाई जाए, ताकि भविष्य में होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को टाला जा सके।

# जिंदा सर्पो के साथ शिव तांडव रहा आकर्षण का केन्द्र

## - होली मिलन में झांकी के कलाकारों ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। शहर के वीआईपी रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में अखिल भारतीय सनातन राष्ट्र धर्म परिषद एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के संयुक्त तत्वाधान में सर्व समाज होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झांकी के कलाकारों ने जवाबी कीर्तन, गणेश भगवान की आरती, राधा कृष्ण द्वारा फूलों की होली, जिन्दा सर्पों के साथ बाबा भोलेनाथ का शिव तांडव, अघोरियों के साथ मसाने की होली, भारत माता के ऊपर समर्पण देश भक्ति की झांकी, भगवान श्री .ष्ण के बाल सखा सुदामा चरित्र चित्रण, महाकाली जी का विकराल रूप प्रदर्शन करते हुए मनोहर गीतों की प्रस्तुति की गई। फूलों से होली खेली गई। इस अवसर पर पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर, जिला महामंत्री रवि कुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष संजय सिंह, नागेंद्र सिंह चौहान, पूर्व बार अध्यक्ष जगदीश सिंह चौहान, चेयरमैन सदर राजकुमार मौर्या, पप्पू सिंह चौहान, रंजना सिंह चौहान, अभिषेक शुक्ला, कल्पना सिंह, गायत्री सिंह, प्रेमा सिंह राठौर, वरदानी सिंह, प्रदीप गर्ग, पूर्व विधायक करण सिंह पटेल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुधीर त्रिपाठी, कल्पनाथ त्रिपाठी उर्फ़ चुना बाबा, धर्मेंद्र सिंह जनसेवक, कल्पना सिंह सरला सिंह, किरण गुप्ता, दीपिका तोमर, राघवेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, समरवीर सिंह, मोनू सिंह, बार एसोसिएशन के पूर्व मंत्री विजय सिंह, सुशील मिश्रा, रमेश



भदौरिया, पुत्तन मिश्र, धर्मेंद्र मिश्रा, विनोद्व गौतम, मनदीप मिश्रा, अभिषेक त्रिवेदी, वीरेंद्र चौहान, असोथर चेयरमैन नीरज सिंह, बहुआ चेयरमैन कामता सोनी, ब्लॉक प्रमुख मलवां रमनजीत सिंह, धनंजय द्विवेदी, प्रमोद द्विवेदी, सहित सभी अन्य समाजों के जिलाध्यक्ष सहित एवं क्षत्रिय महासभा के अमित परिहार, तरुण चौहान, आरपी भदौरिया, लालजीत सिंह, राज ठाकुर, योगेन्द्र भदौरिया उपस्थित रहे।

# एयरपोर्ट में नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। किशनपुर थाना पुलिस ने एयरपोर्ट पर नौकरी दिलाने के नाम पर साइबर ठगी करने वाले एक अपराधी को गिरतार कर लिया। आरोपी ने दो युवकों से कुल 22850 रुपये की धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने एनसीआरपी साइबर शिकायतों के आधार पर लोकेशन ट्रेस कर आरोपी को खेत में मचान के पास से दबोचा। आरोपी रामनरेश निषाद पुत्र प्रेमचन्द्र निषाद निवासी ग्राम स्याहीपुर थाना पिड़ौरा जनपद आगरा है। उसने प्रयागराज के दीपांजल शुक्ला और जयपुर राजस्थान के यश शर्मा को इंडिगो एयरलाइंस में अधिकारी के पद पर नौकरी दिलाने का लालच दिया। आरोपी ने खुद को इंडिगो एयरलाइंस का अधिकारी बताते हुए फॉर्म भरने और अन्य फीस के नाम पर क्यूआर कोड के जरिए पैसे ऐंठे और फर्जी जॉइनिंग लेटर भी भेजा। 15 मार्च को दोनों पीड़ितों की साइबर शिकायत (एनसीआरपी संख्या 33103260054666 और 32703260024706) मिलने पर पुलिस ने मोबाइल नंबर 8817134846 और 9568595286 की लोकेशन ट्रेस की। जो ग्राम महावतपुर असहट थाना किशनपुर में आ रही थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और नंबर पर कॉल करने पर आरोपी के मोबाइल पर रिंग बजने लगी। संदेहास्पद व्यक्ति से पूछताछ पर उसने अपना नाम रामनरेश निषाद बताया और स्वीकार किया कि यह नंबर वह ब्लैक में मध्य प्रदेश से खरीदा था। फोन की आईएमईआई नंबर चेक करने पर वह साइबर शिकायतों से मेल खाते पाए गए। थाना किशनपुर में मुकदमा संख्या 64/2026 धारा 338/336(3)/318(4)/319(2) बीएनएस तथा 66 डी आईटी एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। आरोपी को सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया। गिरतारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक आदर्श सिंह, कांस्टेबल राजेश तिवारी षामिल रहे।

# इम्युनिटी बढ़ाने का सबसे बेहतर तरीक़ा रोज़ा या उपवास रहना है

न्यूज वाणी ब्यूरो/जहानाबाद संवाददाता। कुछ लोग रोज़ा रखने या उपवास रहने में डरते हैं कि उन्हें एनर्जी कहां से मिलेगी जबकि वास्तविकता यह है कि हर इंसान के शरीर में एनर्जी स्टोर होती है आपका शरीर कई दिनों तक बिना खाए पिये भी स्वस्थ रह सकता है रोजे या उपवास के दौरान शरीर सेल्स की उर्जा और पानी का इस्तेमाल करता है। उपरोक्त जानकारी देते हुए डाक्टर हिना कौसर ने बताया कि रोजा या उपवास रहने में बहुत फायदे हैं रोज़दार जब ड्राई फास्टिंग करते हैं तो उनके शरीर की सेल्स अर्थात कोशिकाएं टॉक्सिंस को बर्न करती हैं इसी के साथ साथ शरीर के अन्दर मौजूद डेड सेल्स भी बन्द हो जाते हैं और उनकी जगह खाली हो जाती है इससे होता यह है कि आपका शरीर ज्यादा स्टेम सेल्स बनाने लगता है आपके शरीर में जितने ज्यादा नये सेल्स बनेंगे आप उतने समय तक जवान और खूबसूरत बने रहेंगे ट्यूमर, कैंसर जैसी बीमारियों से लड़ने में मदद भी मिलेगी ड्राई फास्टिंग के द्वारा शरीर को कैंसर और ट्यूमर जैसी बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है इसका वैज्ञानिक कारण यह भी है कि जब आप पूरी तरह उपवास या रोज़ा रखते हैं और पानी भी नहीं पीते तो आपका शरीर सबसे पहले बीमार सेल्स को बन्द करके एनर्जी बनाता है ताकि स्वस्थ शरीर को नुकसान न पहुंचे ऐसे में अगर किसी व्यक्ति के शरीर में ट्यूमर है या सेल्स से जुड़ी कोई दूसरी बीमारी है तो शरीर उस हिस्से के सेल्स को तेजी से बढ़ाने का कार्य करता है और बीमारी धीरे–धीरे खत्म होने लगती है रोज़ा हो या उपवास इम्यूनिटी बढ़ाने का सबसे बेहतर तरीका है।

# संस्था को शहीद आजाद के वंशज से मिला सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के लगातार किए जा रहे सेवाकार्यों के लिए संस्था को गया जी बिहार में सम्मान प्राप्त हुआ।



समय–समय पर संस्था द्वारा जरूरतमंद मरीजों के लिए निःशुल्क रक्त की उपलब्धता जो कि जिले में नहीं जिले के बाहर प्रदेश स्तर में किए जा रहे सेवाकार्य पर शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड गया जी द्वारा संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन को स्वतंत्रता सेनानी रहे शहीद चंद्रशेखर आजाद जी के वंशज अमित आजाद तिवारी ने संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन को सम्मानित किया। वही अमित आजाद तिवारी द्वारा संस्था के कार्यों के सराहा गया। संस्था से सम्मान लेने प्रबंधक गुरमीत सिंह पहुंचे। इस मौके पर शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड से सोनी कुमार वर्मा, अमृत, शुभम, हरियाणा से महेश कुमार, दिल्ली से अंगद, अहमदाबाद से भूपेंद्र दवे, वाराणसी से प्रदीप इसरानी, वाराणसी से होम्यो भाभा से आशुतोष सिंह, जिला गाजीपुर से शीर्ष दीप उपस्थित रहे।

# विधायक ने खुदवाई सड़क, ठेकेदारों की खुली पोल

**– घटिया काम, जनता के पैसे की खुली लूट**

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जिले में विकास के नाम पर हुए बड़े घोटाले का मामला सुर्खियों में है। स्टेट हाइवे से जुड़े नहर पटरी वाले महत्वपूर्ण मार्ग जलाला से पधारा तक करीब पांच किलोमीटर



सड़क की मरम्मत में भारी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। ठेकेदारों और अधिकारियों पर घटिया सामग्री, पतली लेयर और पैसे की हेराफेरी का इल्ज़ाम है। भाजपा देवमई मंडल के कोषाध्यक्ष संगम सिंह तोमर ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर इसकी शिकायत क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल से की। विधायक ने मामले को बेहद गंभीरता से लिया और तुरंत मौके पर पहुंच गए। मौके पर ही उन्होंने ग्रामीणों और अधिकारियों के सामने सड़क खुदवाकर जांच की। ऊपरी परत इतनी पतली और कमजोर निकली कि आसानी से खोद दी गई जबकि ठेके में मोटी, मजबूत और उच्च गुणवत्ता वाली परत का वादा था। यह साफ संकेत था कि जनता के करोड़ों रुपये की लूट हुई है और निर्माण में खुला भ्रष्टाचार हुआ है। विधायक ने तुरंत काम रोकवा दिया और मौजूद अधिकारियों को फटकार लगाते हुए सख्त निर्देश दिए। विधायक ने साफ कहा कि ऐसा भ्रष्टाचार और लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जनता के पैसे से बने काम में गुणवत्ता सर्वोपरि है।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

**– साथी बाल–बाल बचा, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका**

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम हरदासपुर के समीप रविवार की शाम अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर खंती में पलट जाने से 40 वर्षीय युवक की मौके पर मौत हो गई वहीं दूसरा बाल–बाल बच गया। जानकारी के अनुसार किषनपुर थाना क्षेत्र के रारी गांव निवासी बाबूलाल का पुत्र कमलेष गांव के ही दिनेष के साथ भूसा लादकर खखरेरू हरदासपुर गांव आया था। वापस लौटते समय जैसे ही ये लोग भदबा भट्ठा के पास पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर खंती में पलट गया। जिससे कमलेष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चालक दिनेष बाल–बाल बच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के पुत्र षिवा ने हादसे को हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की है।

# हथगाम बीडीओ के खिलाफ डीएम को सौंपा ज्ञापन

## - मनरेगा सामग्री भुगतान में अनियमितता का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के बैनर तले प्रधानों के एक प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर हथगाम बीडीओ पर मनरेगा सामग्री भुगतान में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया। प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए अविलंब भुगतान करवाकर दोशियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। संगठन के जिलाध्यक्ष नदीम उद्दीन पप्पू की अगुवई में प्रधानों का एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्ट्रेट पहुंचा और जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि हथगाम विकास खण्ड में मनरेगा योजना के अंतर्गत सामग्री मद में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा हाल ही में तेरह मार्च को उपलब्ध कराई गई सामग्री का भुगतान राज्य सरकार द्वारा जारी किए जाने षासनादेष के अनुरूप किया गया है जबकि षासनादेष में स्पश्ट उल्लेख है कि पिछले वित्तीय वर्शों के लम्बित भुगतान व प्राथमिकता में नहीं किए गए। जबकि 2025–26 नए वित्तीय वर्ष के कार्यों का भुगतान कर दिया गया है। जो ठेकेदारों द्वारा कराए गए कार्यों का मोटी रकम लेकर भुगतान किया गया है। मांग किया कि प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए लम्बित भुगतान करते हुए दोशियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस मौके पर प्रधानों में हथगाम प्रधान संगठन अध्यक्ष बलराम पाल, संतोश, षोभा देवी, रामदीन, पुश्पा यादव, राजकरन, राजकुमारी, रामचन्द्र भी मौजूद रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )